स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता में किसान नहीं, कॉरपोरेट घराने हैं. एक तरफ किसानों की सब्सिडी, कर्ज और समर्थन मूल्य के लिए सरकार के पास पैसे का अभाव है और वह किसानों की आत्महत्या का मूकदर्शक बनी रहती है. दूसरी ओर कॉरपोरेट घरानों के अनुदान के लिए तीन हजार करोड़ रुपए की सहायता देने में उसे हिचक नहीं होती. इस उदाहरण से सरकार की यह मंशा भी उजागर होती है कि वह छोटी खेती को खत्म कर कॉरपोरेट खेती को बढ़ावा देना चाहती है.

भूमंडलीकरण की कोख से उपजे मध्यवर्गीय उपभोक्ताओं की विशाल संख्या देशी विदेशी बड़ी कंपनियों को खेती क्षेत्र में निवेश के लिए तेजी से आकर्षित कर रही

उन्हें नहीं दबा पाती पुलिस
धन के तुम्हारे दलाल
तुम्हें देते हैं फूटी आँखें
कटी जीभ , लँगड़ाते पाँव , मंद बुद्धि
अबोध शिशु ही खेलते हैं आँच से
तुम्हारी स्वर्ण मुद्रायें काफी हैं
अंध गर्त में ढकेलने को मुझे
रंग भेद , जाति द्वेष ,धर्मोन्माद
तुम्हारे विष बुझे अस्त्र हैं
हमें बाँटने को टुकड़ों में
हथौड़ा, कुदाल, हँसिया और सम्बल
प्रतीक नहीं हैं अमूर्त
असंख्य हाथों की ताकत हैं असीम
करोड़ों जिन्दा लोगों की धड़कने
खून पसीने से होती हैं तेज़
उनकी चमचमाती धारें ।

□□



मैनेजर पाण्डेय का आलोचना कर्म : विविध दिशाएँ

— सियाराम शर्मा

बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में सोवियत समाजवाद के समक्ष उत्पन्न गंभीर संकट के साथ हिन्दी के मार्क्सवादी आलोचकों में भगदड़ और अफ़रातफ़री सी मच गयी । कुछ गहन निराशा के गर्त में डूब गये तो कुछ अपनी समस्त प्रतिबद्धताओं को त्याग कर रूपवादी और कलावादी खेमे की शरण में चले गये। कुछ तो एक सौ अस्सी डिग्री घूम कर मार्क्सवादी और समाजवादी विचारधारा के मुखर विरोधी बन गये। युवा आलोचकों का एक बड़ा हिस्सा उत्तर–आधुनिकतावादी चिंतन की गिरफ़्त में आ गया । बचे– खुचे लोग सत्ता की संस्कृति के साथ ताल–मेल बैठाने की जुगाड़ में लग गये । कुल मिलाकर नव साम्राज्यवाद की आक्रामकता और वृद्ध पूंजीवाद की बर्बरता के इस दौर में हिन्दी आलोचना में कलावाद एवं रूपवाद का एक नया उभार दिखा। एक नये विवेकहीन, विचारहीन सौन्दर्यशास्त्र रचने की कोशिश हुई। ऐसे संकटग्रस्त समय में व्यक्तिगत विपत्तियों की त्रासदी को झेलते हुए भी मैनेजर पाण्डेय हिन्दी के उन गिने–चुने मार्क्सवादी आलोचकों में हैं, जिन्होंने सोवियत संघ के समाजवादी प्रयोग की ग़लतियों और सीमाओं को पहचानते हुए मार्क्सवाद की विचारधारा और समाजवाद के स्वप्न के प्रति अपनी आस्था डिगने नहीं दी और न ही भारत के शोषित–उत्पीड़ित जनसमुदाय के संघर्ष के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परित्याग किया । बहुत ही मुस्तैदी के साथ उन्होंने उत्तर आधुनिकतावादी चिंतन की विचारहीनता और बौद्धिक–दिवालियेपन का पर्दाफ़ाश किया। नव साम्राज्यवाद की भूमंडलीकरण की नीतियों से उपजी सत्ता संस्कृति को 'लूट और झूठ' की संस्कृति के रूप में परिभाषित करते हुए उन्होंने जनप्रतिरोध की संस्कृति के हिरावल दस्ते का नेतृत्व किया।

आलोचना के केन्द्र में किसान जीवन का संघर्ष और सौन्दर्य

मैनेजर पाण्डेय का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था। वे किसानों को भारतीय समाज के मेरुदण्ड तथा औपनिवेशिक व्यवस्था में सर्वाधिक शोषित, उत्पीड़ित वर्ग

DR S.P. Sharma

भोर के गीत

समीक्षा

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Distt.- Durg (C.G.)

इन्द्र बहादुर खरे का काव्य संसार

सियाराम शर्मा
दानवीर तुलाराम शा. स्ना. स्व. महावि., उतई,
जिला--दुर्ग (छत्तीसगढ़)

इन्द्र बहादुर खरे उत्तर छायावादी दौर के प्रतिभाशाली और उदीयमान कवि और गीतकार थे। कविता और गीतों के अलावे उन्होंने कहानियाँ, निबन्ध और आलोचना भी लिखी। गद्य लेखन के क्षेत्र में भी वे सक्रिय थे। उन्होंने राम कुमार वर्मा के साथ सामाजिक शिक्षा विभाग की पत्रिका 'प्रकाश' और पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी के साथ 'युगारंभ' का संपादन किया। उनकी काव्य प्रतिभा और साहित्यिक साधना का पूर्ण और स्वाभाविक विकास हो पाता, उससे पूर्व ही उनका असमय निधन हो गया। उनके मरणोपरांत 'विजन के फूल', भोर के गीत' (गीत संकलन), 'रजनी के पल' (गद्य काव्य), 'सपनों की नगरी'(कहानी संग्रह) और 'जीवन पथ के राही'(कहानी संग्रह), 'आचार्य राम चन्द्र शुक्ल विविध प्रसंगों में', 'काश्मीर 1948' आदि पुस्तकें प्रकाशित हुई।' भोर के गीत' खरे जी की कविताओं और गीतों का प्रतिनिधि संकलन है। छायावादोत्तर दौर में उनके काव्य व्यक्तित्व का निर्माण हुआ। वे उत्तरछायावादी दौर के कवि हैं। इस काल में उत्तरछायावादी तथा छायावादी काव्यों की भाषा, शिल्प और अंतर्वस्तु में काफी बदलाव आये थे पर खरे जी कविताओं पर छायाबादी भाषा, शिल्प और बोध का गहरा प्रभाव है।

प्रेम उनकी कविताओं और गीतों का केन्द्रीय भाव है। कवि प्राय: प्रेम के सपने और स्मृतियों में डूबा रहता है। उनके प्रेम के स्वप्न वास्तविकताओं से टकराकर टूटने के लिए अभिशप्त हैं। अत: उनकी स्मृतियों में दु:ख और पीड़ा का साम्राज्य है। प्रेम और विरह के अलावे कवि को जगत् के दूसरे दु:ख और पीड़ाएँ प्राय: प्रभवित नहीं करती। उनके कुछ गीतों में प्रिय के आगमन पर आह्लाद और उल्लास का चित्रण है पर अधिकांश गीतों से प्यार की करुण-मधुर स्मृतियाँ और दर्द की दबी-दबी सी टीस उभरती है। विरह कवि के जीवन का यथार्थ है। मिलन सिर्फ

स्वप्न में ही है। वेदना ही जीवन का सच है। उनके शब्दों में - ''उर में ज्वाला, दृग में सागर / कसक रही पीड़ा है'' -उनके गीतों की मुख्य अंतर्वस्तु है।

खरे जी के गीतों में संध्या और रात्रि के चित्रों की अधिकता है। रात हैं, तो रात के उर में सपने भी हैं। यहीं से उन्हें अँधेरे से बाहर आने का मार्ग मिलता है। उनके गीत जीवन के कठोर यथार्थ से उपजे सुन्दर स्वप्न हैं। उन्होंने खुद कहा है - ''राह में जब जब चला हूँ / सदा सपनों में पला हूँ''(इन्द्र बहादुर खरे/ 'भोर के गीत'/ वाणी प्रकाशन / संस्कार-2009)। लेकिन सपने हैं, तो उनका टूटना भी उतना ही सच है। कवि सपनों की एस मरीचिका से भी परिचित है - ''बना स्वप्न के महल रात भर, प्रात: ही ढहता है कोई'' (वही, पृ. 114)। सपनों का ढहना और टूटना कवि के प्राणों में गहरी विकलता और पीड़ा भरी छटपटाहट पैदा करती है। आकुलता और व्याकुलता उन्हें अक्सर घेरे रहती है। प्रेम की यातना ही उनके जीवन का सबसे बड़ा सच है। उन्होंने खुद स्वीकार किया है - ''यातना सहता निरन्तर'' अपने-आप से उन्होंने प्रश्न भी किया था - ''यातना के कमल में / बन्दी मधुप-से नयन मेरे ? खिल सकेंगे क्या कमल ? / उन्मुक्त होंगे विरह घेरे ?'' (वही, पृ. 79)

छायावादी कवियों की तरह इन्द्र बहादुर खरे को भी प्रकृति की विविध छबियाँ बेहद आकर्षित करती हैं। वे उसकी प्रत्येक गतिविधि और हलचल को अपनी कविताओं में प्रतिबिंबित करते हैं। दु:ख की घड़ी हो या सुख का क्षण हो वे प्रकृति के आईने में ही अपना अक्स देखते हैं। प्रकृति के विविध रूपों में संध्या और रात्रि के चित्र उनकी कविताओं में अधिक हैं। संध्या और रात्रि के चित्रों के साथ प्राय: उदासी लिपटी हुई है। रात्रि के नीरव शांति उन्हें विधवा के हृदय सी निस्तब्ध जान पड़ती है- ''निर्जन ! / बैठी है सूने पनघट के घट पर !/ नीरस, शांत आभा रजनी की / विधवा के निस्तब्ध हृदय सी'' (वही, पृ. 62)। कवि में मानवीय और प्राकृतिक सौन्दर्य के प्रति गहरा आकर्षण है। उन्होंने उसका सूक्ष्म पर्यवेक्षण और वर्णन किया है। सौन्दर्य चित्रण में एक ओर वे प्रकृति का मानवीकरण करते हैं तो दूसरी ओर मानवीय सौन्दर्य के चित्रण में प्राकृतिक उपादानों से भरपूर सहयोग लेते

ISSN 2349-4115

पुस्तिका -17

भारत का गहराता कृषि संकट और किसानों की आत्महत्याएँ

सियाराम शर्मा



संपादक – विजय गुप्त
प्रगतिशील लेखक संघ, अम्बिकापुर (छ.ग.)

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam
Utai, Distt.- Durg

साम्य पुस्तिका - 17

भारत का गहराता कृषि संकट और किसानों की आत्महत्याएँ

*

सियाराम शर्मा

संपादन सहयोग :
वेदप्रकाश अग्रवाल
डॉ. रामकुमार मिश्र
डॉ. आशा शर्मा
राजेश मिश्र

संपादक :
विजय गुप्त

पक्षधर

2.6.21
PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

पहाड़



2.6.21
PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

भारत में बदलते भूमि सम्बन्ध

सियाराम शर्मा

भूमि मनुष्यों, जीव-जन्तुओं एवं वनस्पतियों के जीवन का आधार है। हम इस भूमि पर जन्म लेते हैं, इसी से पोषण ग्रहण करते हैं और अन्ततः इसी में घुल-मिल जाते हैं। हमारी सभ्यता, संस्कृति, श्रम और सौन्दर्य का सारा खेल इसी रंगभूमि पर खेला जाता है। युगों-युगों से मनुष्य ने इस भूमि की वन्दना की है, इसके महात्म्य का गुणगान किया है और इसके लिए अपना बलिदान भी दिया है। इस भूमि के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए हमारे प्राचीनतम् ग्रंथ 'ऋग्वेद' में कहा गया है "स्वर्ग मेरा पिता है, वातावरण रूपी भाई नाभि है और महान पृथ्वी मेरी माता है" ('द्यामं पिता जनिता नाभिरत्र बन्धुम् माता पृथिवी महीयम्'—ऋग्वेद 1.64.33)। 'अथर्ववेद' की ऋचाएँ भी कहती हैं कि "भूमि हमारी माता है और हम पृथ्वी के पुत्र हैं, उत्पादक हमारे पिता हैं और वे भी हमें संतुष्ट करें।" ("माता भूमिः पुत्रोअहं पृथिव्याः, पर्जन्यः पिता स उ नः पिपर्तु"—'अथर्ववेद'-12.1.12)।

भारत वर्ष में ही नहीं, विश्व की समस्त सभ्यताओं और संस्कृतियों में भूमि के प्रति यही लगाव और प्रेम देखा जाता है। लेकिन भूमि की सबसे बड़ी सीमा यही है कि इसका पुनरुत्पादन संभव नहीं है। इसकी मात्रा, भूगोल और निर्मिति का इतिहास पूर्व निर्धारित है। हम इसे बदल नहीं सकते। समय के साथ-साथ विश्व की जनसंख्या बढ़ती गयी, मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ती गयीं और इसी के साथ भूमि के प्रति उसकी भूख भी बढ़ती चली गयी। इसी के साथ शुरू हुआ भूमि की छीना-झपटी, लूट-पाट और संघर्ष का व्यापक सिलसिला। इसके लिए भाई-भाई में 'महाभारत' हुए, राज्यों के बीच युद्ध हुए और विश्व के बहुत बड़े हिस्से को उपनिवेश और गुलाम बनाया गया। प्रत्येक राज्य और राज्यों के बीच का इतिहास भूमि के लिए रक्तरंजित संघर्षों का इतिहास रहा है। फ्रांस के महानतम उपन्यासकार बाल्जाक ने कहा था—"जिसके पास भूमि है, उसके पास कलह भी है।"

भूमि पर सभी जीव-जन्तुओं, वनस्पतियों और मनुष्यों का समान हक है। पृथ्वी पर मनुष्य

समकालीन

पश्चिमी उत्तर प्रदेश
सांप्रदायिक प्रयोगशाला
बनाने की साजिश

अक्टूबर 2014 / रू. 20.00

नया छात्र आंदोलन

होक, होक, होक कलरव!
उठावो, उठावो, उठावो आवाज

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

कृषि में साम्राज्यवादी घुसपैठ

सियाराम शर्मा

ठण्डे यूरोपीय देशों की अपेक्षा उष्ण कटिबंधों वाले देश जैव विविधता की दृष्टि से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। वहां विभिन्न प्रजातियों की फसलें और वनस्पतियां मिलती हैं। इस समृद्ध जैव विविधता पर नियंत्रण तथा बहुफसली जमीनों के दोहन को ध्यान में रखकर ही यूरोपीय देशों ने अतीत में उन्हें अपना उपनिवेश बनाया और अपने उद्योगों के लिए कच्चे माल की आपूर्ति के स्रोत के रूप में उनका इस्तेमाल किया। आज बदली हुई परिस्थितियों में पूंजीनिवेश और पूंजी निर्यात के माध्यम से अमेरिकी और यूरोपीय बहुराष्ट्रीय कंपनियां पुनः इन देशों को नवउपनिवेश बनाकर उनकी जैव विविधता और संसाधनों की 'डाकेजनी' कर रही हैं। इन नव औपनिवेशिक और नव साम्राज्यवादी साजिशों को इस बार विश्व व्यापार समझौते के माध्यम से सफल बनाया जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन, विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष इस नवसाम्राज्यवाद के कारगर हथियार हैं। इन्हीं संस्थाओं के दिशानिर्देशों पर विकासशील देशों की कठपुतली सरकारें साम्राज्यवादी हस्तक्षेप, शोषण और संसाधनों की लूट के लिए अपने देश में अनुकूल वातावरण बनाती हैं तथा अपनी जनता के विरुद्ध जन विरोधी फैसले लेती हैं। इन देशों के कॉरपोरेट घरानों, बिके हुए राजनीतिज्ञों, चापलूस नौकरशाहों, मानसिक रूप से गुलाम बुद्धिजीवियों तथा बड़े मीडिया प्रतिष्ठानों का अपनी जनता के विरुद्ध इस नव साम्राज्यवाद से अपवित्र समझौता है। ये सभी स्वार्थी तत्व इस साम्राज्यवादी लूट में तरह-तरह से हिस्सा बंटाते हैं।

कृषि के क्षेत्र में साम्राज्यवादी हस्तक्षेप का परिणाम ही है कि आज उसे हमारी स्थानीय और राष्ट्रीय जरूरतों के अनुरूप नियोजित नहीं किया जा रहा है। इसे बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुनाफा कमाने का हथकंडा बना दिया गया है। आज अमेरिका में जिस प्रकार 02 प्रतिशत बड़े फार्म वहां के 50 प्रतिशत कृषि उत्पादों को पैदा कर रहे हैं, उसी तरह के कॉरपोरेट फार्मिंग की तरफ हमारे देश को धकेला जा रहा है। साम्राज्यवादी हस्तक्षेप के कारण "कृषि अब समाज और राष्ट्रों की मौलिक संस्था से कमतर रह गयी है और अधिकाधिक यह निगमों द्वारा दुनिया भर में सावन जुटाने वाली नीतियों का एक सूक्ष्म घटक बन गयी है। यह अब खाद्य पदार्थों के जरिये मुनाफाखोरी के विश्वव्यापी तंत्र को स्थायित्व प्रदान करती है- एक ऐसा तंत्र जिसमें अनाज खेत से थाली तक औसतन 2000 मील का रास्ता तय करके पहुंचता है। इससे भी आगे वैश्विक उत्पादन और उपभोग संबंधों को एक साथ मिलाने की कॉरपोरेट रणनीति, दक्षिण और उत्तर दोनों जगह राष्ट्रीय कृषि क्षेत्र के राष्ट्रीय संस्थागत आधार को कमजोर कर रही है।"[1]

नव साम्राज्यवाद की नेतृत्वकारी शक्ति अमेरिका जब वियतनाम युद्ध के कारण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था, तब उसने 'ग्रीन पावर' निर्यात की रणनीति अपनायी। एक तरफ उसने अपने अतिशेष अनाज को तीसरी दुनिया के देशों में निर्यात कर भू-राजनीतिक वर्चस्व को कायम किया तो दूसरी ओर 'हरित क्रांति' के तकनीक के निर्यात से भारी मुनाफा कमाया। आज की तथाकथित 'दूसरी हरित क्रांति' उसी साम्राज्यवादी विस्तार की आकांक्षा का फलीभूत व्यावहारिक रूप है। सदियों से हमारे किसान प्रकृति और पर्यावरण के अनुकूल बीजों को बचाकर रखते और उसका उपयोग करते रहे हैं। पर अमेरिकी साम्राज्यवाद के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे इस दूसरी हरित क्रांति के दौर में 'हरित क्रांति से सदा हरित क्रांति की ओर' नारा देकर, बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा उत्पादित जी.एम. बीजों को बढ़ावा देकर हमारे किसानों की बीज आत्मनिर्भरता, जैव विविधता, मानवीय स्वास्थ्य एवं प्रकृति और पर्यावरण के खिलाफ साजिश की जा रही है। यह अदृश्य और अपरोक्ष रूप से हमारी कृषि और खाद्य को नियंत्रित करने की साम्राज्यवादी कोशिश है, जो किसानों की बीज सम्प्रभुता को समाप्त कर उन्हें बहुराष्ट्रीय कंपनियों की गुलामी की ओर धकेल देगा।

आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने कृषि के क्षेत्र में उत्पादन से लेकर व्यापार तक को अपने कब्जे में ले लिया है। कृषि में साम्राज्यवादी पूंजी की घुसपैठ बढ़ती जा रही है। बीज, खाद और कीटनाशकों के क्षेत्र में पूरी तरह से साम्राज्यवादी पूंजी का प्रभुत्व है। सरकार द्वारा प्रस्तावित ठेके की खेती में भी यही कंपनियां बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। भारत-अमेरिका ज्ञान उपक्रम ने बौद्धिक क्षेत्र में इनकी घुसपैठ को हरी झंडी दे दी है। इस तरह बीज, खाद, कीटनाशकों, व्यापार और शोध आदि के क्षेत्र में विदेशी पूंजी के बढ़ते प्रभुत्व ने भारतीय कृषि को एक नव औपनिवेशिक आयाम दे दिया है।

आर्थिक नव उपनिवेश के दौर में जैव तकनीक, अनुवांशिक अभियांत्रिकी तथा ज्ञान-विज्ञान को संहिताबद्ध करने वाले बौद्धिक संपदा अधिकार और विश्व व्यापार समझौते के प्रावधानों के माध्यम से एक ऐसे परिदृश्य की रचना कर दी गई है कि हमारे मेहनतकश किसान देशी-विदेशी इजारेदार पूंजी के उजरती गुलाम बन गये हैं। गुलामी की इस प्रक्रिया को नरसिंह दयाल ने अनुवांशिक और जीन साम्राज्यवाद का नाम देते हुए कहा है कि- 'अब ये जल, जमीन और जंगल के बाद जीन के निजीकरण के लिए आमादा हैं। 'हरित क्रांति 2' वस्तुतः अनुवांशिक या जीन साम्राज्यवाद है। यह नव साम्राज्यवाद के अनेक रूपों में सर्वाधिक भयानक और विनीना रूप है जो तीसरी दुनिया के जीन संपदा और कृषि प्रणाली को निगमीकृत कर रहा है। जीन टेक्नोलॉजी, बॉयोटेक्नोलॉजी और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के आकर्षक घोड़ों पर सवार और एक परोपकारी शुभचिंतक का मुखौटा ओढ़े यह इस सदी का नवीनतम, क्रूरतम, अतिसूक्ष्म, अदृश्य, कुटिल, विनीना और हिंसक साम्राज्यवाद है। इस बार इसके हाथों में आणविक अस्त्र-शस्त्रों के साथ जी.एम. बीजों का ब्रह्मास्त्र भी है जो पूरी धरती को बंजर बना देगा, पर्यावरण और जैव विविधता का विनाश कर देगा और इस धरती पर जीवन का अस्तित्व ही मिटा देगा।"[2]

संदर्भ :

1. फिलिप मैकमाइकल/ 'विश्व खाद्य राजनीति'/ विश्व खाद्य संकट/ पृ. 33
2. नरसिंह दयाल/ भारतीय कृषि की दशा और दिशा/ 'कथादेश'/मई-2012/ पृ. 67

ओएनजीसी
ONGC

ओएनजीसी-57 वर्षों का सफ़र

मुट्ठी में लिये
चलते गये हम, बढ़ते गये हम

से मोती लेकर, धरा को अपना मानकर
चलते गये हम, बढ़ते गये हम

छू रहे हैं आसमान की बुलंदियाँ आज,
आगे भी छूते रहेंगे हम, बढ़ते रहेंगे हम



- देश की ऊर्जा सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध
- विश्व के तेल मानचित्र पर भारत की देदीप्यमान उपस्थिति
- देश के लिए सर्वाधिक धनोपार्जन

www.ongcindia.com

अकार



PRINCIPAL
Govt. Banveer Tularam P.G. College
Utai, Distt. - Durg (C.G.)

और दूसरों की रचनाओं के माध्यम से खुद आने की बजाय उसके आने का इंतजार करते हैं । वे समझते हैं कि उनका काम तो लिखना है । बाकी काम दूसरों का है । जैसे ये कोई एक्शन फिल्म हो कि मुख्य किरदार तो वे निभाएँगे बाकी जोखिम वाले दृश्य डुप्लीकेट करेंगे । जो लेखक पाठक के पास जाते भी हैं उनके पास ही रचनाओं का जखीरा होता है । विशेष अवसरों पर प्रियजनों को भेंट में दी जाने वाली किताबों से इस विकट स्थिति की भरपायी नहीं होने वाली है । यह अत्यन्त दुखद है कि इस समाज में पिछले कई दशकों से कोई ऐसी किताब की चर्चा नहीं छिड़ी जिसे न पढ़ने का मलाल समाज को साल रहा हो । जिस समाज में भाषा और साहित्य के प्रति इतने होनहर संस्कार हो, उस समाज में एक बड़ा रचनात्मक विस्फोट कैसे होगा?

रसूल हमजातोव ने युवा लेखकों को सीख देते हुए कभी लिखा था - 'यह मत कहो - मुझे विषय दो, यह कहो-मुझे आँखें दो।' यह केवल युवा लेखकों को सीख नहीं है । हर दौर के लेखकों को सीख है । हम अपने दृष्टि-पथ का विस्तार करें और जिस समाज में रहते हैं केवल उसके ही दुख, उत्सव, उदासी और अंतर्विरोधों को न देखें । हम भी जाएँ, जहाँ हो सकता है कि हमारा इंतजार हो रहा हो । इसके लिए यदि अंदाज और तरीका बदलना पड़े तो भी अफसोस न हो । बहुत हुई वैश्विक साहित्य से जोर-आजमाईश । बहुत हुई कला की चिन्ता और एक खूबसूरत वाक्य गढ़ने की जद्दोजहद । यह सब करके तो देख ही लिया । अब जरा दूसरे रास्तों को भी खँगालें। इसका अर्थ यह नहीं है कि मैं मौजूदा रचनाशीलता को अपर्याप्त मानकर यह सब कह रहा हूँ । मैं लेखक के रचनात्मक उपकरण को अब भी उतना कमजोर नहीं मानता हूँ जितना कि कहा और प्रचारित किया जाता रहा है । जरूरत उसके प्रति गंभीर बनने की सामूहिक कोशिशों की है । एक बड़ी रचना सामूहिकता का ही समंजित रूप है । प्रतिभा का इंतजार करने वाले लोग अब भी मुगालते में हैं ।
(संगमन 19, चंदेरी में पढ़ा गया आलेख।)

परिचय :- 1972 में जन्मे बसंत त्रिपाठी के तीन कविता संग्रह और एक आलोचना की पुस्तक प्रकाशित है । कुछ कहानियाँ भी पत्रिकाओं में आयी हैं । बसंत त्रिपाठी की पहचान एक गम्भीर और विचारपरक रचनाकार की है ।

सम्पर्क :-
बसंत त्रिपाठी
62, वैभव नगर, दिघोरी,
अमरेड रोड, नागपुर - 440034
मो. - 09850313062
ई मेल-basantgtripathi@gmail.com

सियाराम शर्मा

जैव तकनीक और जी.एम. फसलें

जैव तकनीक प्रकृति को जानने, समझने और बदलने का एक भरोसेमन्द तरीका है। यह कोई एक तकनीक न होकर कई तकनीकों का समुच्चय है। जैव रसायन, कोशिका विज्ञान, अनुवांशिकी और जैव विज्ञान के सम्मिलित प्रयासों से इस तकनीक को विकसित किया गया है। इसके अन्तर्गत किसी वनस्पति या जीव के अनुवांशिक गुणों को दूसरे के भीतर प्रतिरोपित किया जाता है। ऐसा जीन बन्दूक के माध्यम से एक का जीन दूसरे की कोशिका में डाल कर किया जाता है या जीन को किसी बैक्टीरिया में प्रतिरोपित कर दूसरी कोशिका को उससे संक्रमित करकर वांछित परिणाम पाये जाते हैं। आलू के जीन को टमाटर में, मछली के जीन को सोयाबीन में या मनुष्य के जीन को सुअर में प्रतिरोपित किया जा सकता है। यह तकनीक इस धारणा को प्रमाणित करता है कि मानवीय आदेश और कार्य योजना के अनुसार किसी वनस्पति या जीव की आन्तरिक संरचना में बाह्य प्रयासों से परिवर्तन लाया जा सकता है। सबसे पहले कोहेन और बायर ने 1970 में अपने प्रयोगों से इसे संभव कर दिखाया था।

इस जैव तकनीक के माध्यम से वनीला और कोक जैसे कुछ उत्पादों को फैक्ट्री में भी उत्पादित किया जा सकता है या जानवरों के माध्यम से खास तरह की दवाईयाँ विकसित की जा सकती हैं। इस तकनीक के माध्यम से 'जानवरों का इस तरह से जीन परिवर्तित कर दिया जायेगा कि उससे मनचाहा रसायन तैयार किया जा सके और फिर उसे विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए बेचा जायेगा। ट्रांसजेनिक पशुओं की एक आंशिक सूची मौजूद है, जिनसे मनचाही दवा या दवा के काम आने वाले घटकों का सफलतापूर्वक उत्पादन किया गया है। इस सूची में शामिल हैं - सुअर, जिससे मानव हीमोग्लोबिन बनाया गया। भेड़, जिससे एमिनोएसिड बनाया गया है, जो कुछ लोगों में नहीं पाया जाता । खरगोश से एक ऐसा एन्जाइम बनाया गया है जो एक अनुवांशिक रोग पोम्प डिजीज से ग्रस्त लोगों में नहीं पाया जाता।''[01]

वनाक्ष उवन

PRINCIPAL 2.6.24
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

अमरबेल

कितना कद्दावर है बबूल

झेले कितने झंझावात
तुषाराघात
कितने अकाल-दुकाल
जल के पीछे-पीछे पहुँची
जड़ जिसकी पाताल

लेकिन सब फिजूल

अरे वह परआश्रयी निर्मूल
गंध नहीं पर्ण नहीं, ना ही फल और फूल
फिर भी शिखरस्थ
इतराती है
रस निचोड़ इसका
अमर हुई जाती है

विश्व व्यापार संगठन और भारतीय कृषि

उरूग्वे के पुन्टा डेल स्टेट में 1986 में शुरू हुए व्यापार वार्ताओं के चक्र का अंतिम दौर मोरक्को के शहर माराकेश में 1994 तक चला। इन वार्ताओं के बाद 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। यह समझौता कृषि क्षेत्र में निवेश और व्यापार के नियमों को वैश्विक स्तर पर संस्थाबद्ध किये जाने का प्रयास था। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार को निजी मालिकाने की ओर ले जाना था। यह सिर्फ व्यापार समझौता न होकर राष्ट्रों की सीमाओं से परे साम्राज्यवादी राजनीति और अर्थनीति के विस्तार का व्यावहारिक रूप भी था। बहुराष्ट्रीय निगमों के माध्यम से पिछड़े एवं विकासशील राष्ट्रों के बाजारों पर कब्जा करने और प्रभुत्व जमाने का यह कारगर हथियार था। विश्व बैंक और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष जैसी संस्थाओं ने विकसित राष्ट्रों के एजेन्ट के रूप में उनके छिपे हुए एजेन्डों को लागू करने के लिए राष्ट्रीय सरकारों पर दबाव बनाने का कार्य किया। इस समझौते ने राष्ट्रीय सरकारों की स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमताओं को कमजोर कर उसे नव साम्राज्यवादी शक्तियों के हाथों की कठपुतली बना दिया।

कृषि क्षेत्र में विश्व व्यापार की शुरुआत इन तर्कों के साथ हुई कि अक्षम प्रतियोगियों की आर्थिक सहायता बंद कर दी जायेगी। सरकारों द्वारा नियंत्रित सुरक्षित अन्न भंडारों को समाप्त कर दिया जायेगा तथा सीमा शुल्क हटा लिया जायेगा। इससे विश्व व्यापार उस दिशा की ओर मुड़ जायेगा, जहाँ माँग अधिक होगी। किसानों को विनियमित बाजारों से लाभ होगा और उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिलेगा। बाजार की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के कारण उपभोक्ताओं को भी सस्ते मूल्य पर खाद्य सामग्रियाँ प्राप्त होंगी। विकासशील देशों को यह भी विश्वास दिलाया गया कि विकसित राष्ट्र कृषि पर दी जाने वाली सहायता को नियंत्रित करेंगे, जिससे विकासशील देशों के कृषि उत्पादों को विकसित राष्ट्रों के बाजारों में प्रवेश मिलेगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि विकसित देशों ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके से अपने किसानों को आर्थिक सहायता जारी रखी तथा विश्व व्यापार में बहुराष्ट्रीय निगमों को उतार कर समान प्रतियोगिता के सिद्धांत को तिलांजली दे दी। अमीर देशों ने विकासशील देशों को अपना बाजार उपलब्ध कराने की जगह उनके बाजारों पर कब्जा कर लिया।

कृषि क्षेत्र में विश्व व्यापार के लाभों का जो सब्जबाग दिखाया गया उससे हमारे देश का बौद्धिक वर्ग भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सका। सी.एच. हनुमंत राव और अशोक गुलाटी जैसे अर्थशास्त्री ने ई.पी.डब्ल्यू (31 दिसम्बर 1994) में लेख लिखकर भारतीय कृषि को विश्व व्यापार से एकीकृत किये जाने की जोरदार वकालत की। उनका तर्क था कि खाद्य आत्मनिर्भरता के दायरे में कृषि का विकास ठहरावग्रस्त है। अतः हमें डेयरी उत्पादों तथा निर्यात योग्य फलों, फूलों और सब्जियों के उत्पादन और खाद्य प्रसंस्करण की तरफ विशेष ध्यान देना चाहिए। इससे कृषि व्यापार को लाभ पहुँचेगा और इसका फायदा रिस-रिस कर समाज के निचले तबकों तक पहुँचेगा। जाहिर है इन अर्थशास्त्रियों के विचार शासक वर्ग के विचारों से मेल खाते थे। अतः हमारी सरकारें इसी मार्ग पर चलीं।

सियाराम शर्मा
7/35, इस्पात नगर, रिसाली, भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) पिन कोड- 490006
मो. : 9329511024 e-mail - prof.siyaramsharma@gmail.com

चौपाल

जनवरी-जून 2020

PRINCI...
Govt. Danvee Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

सृष्टि में केदारनाथ सिंह

Scanned with CamScanner

एक छतनार वृक्ष की छाया में

जे.एन.यू. में प्रवेश लेने के पूर्व पटना में पढ़ते हुए केदार जी का नाम तो सुना था पर प्रत्यक्ष देखा नहीं था। उस समय पटना कॉलेज के सामने पी.पी.एच. की दुकान और अशोक राजपथ के अंतिम छोर पर स्थित राजकमल प्रकाशन हमें ऐसे आकर्षित करता था जैसे मधुमक्खियों को शहद के छत्ते। उन दिनों राजकमल प्रकाशन में नई आई पेपरबैक्स संस्करण की किताबें हमें ज्यादा आकर्षित करती थीं, क्योंकि उनकी कीमतें अपनी जेबों के अनुरूप होती थीं। उन्हीं पुस्तकों के बीच सूरज की तरह उजास फैलाती, हरसिंगार के फूलों की तरह झरती, बिखरती केदार जी की पारदर्शी हँसी वाली श्वेत श्याम चित्र से युक्त आवरण पृष्ठ ने मुझे बेहद आकर्षित किया था। उस हँसी की चमक आज भी मेरे दिल-दिमाग पर कायम है। उस खिलती हुई निर्मल हँसी के जल में उनके अकुंठ, निर्विकार, स्नेहिल व्यक्तित्व का तत्त्व स्पष्ट दिखाई देता था। उनके चित्र का यह प्रथम प्रभाव भविष्य में भी उनसे मिलकर, जुड़कर और भी गाढ़ा और गहरा हुआ। उनके व्यक्तित्व में गजब की सादगी और कोमलता थी। उनके चेहरे का तेज और चमक हमें आलोकित करता था। मैंने 1986 में जे.एन.यू. में एम.फिल. में प्रवेश लिया था। भारतीय भाषा केंद्र उन दिनों डाउन कैम्पस में ही था। लाइब्रेरी भी वहीं थी। हमारी कक्षाएँ हमारे शिक्षकों के चेम्बर में ही लगती थीं क्योंकि हर बैच के छात्र-छात्राओं की संख्या 10 से 15 के बीच हुआ करती थी। भारतीय भाषा केंद्र के मुख्य दरवाजे से प्रवेश करने के बाद गलियारे के एक तरफ नामवर जी का कक्ष था और दूसरी तरफ केदार जी का। नामवर जी के कक्ष के ठीक सामने कार्यालय था। केदार जी हमें 'तुलनात्मक साहित्य' पढ़ाते थे। उनके अध्यापन से पहली बार हिंदी साहित्य के दायरे से बाहर निकलकर हमारे साहित्यिक ज्ञान को अखिल भारतीय एवं वैश्विक परिप्रेक्ष्य मिला। एक तरफ कबीर, तुलसी, गालिब, रवीन्द्रनाथ, जीवनानंद दास, नजरुल, सुकांत, के. सच्चिदानंदन, दिलीप चित्रे, नामदेव ढसाल, सीताकांत महापात्र से हमारा परिचय हुआ तो दूसरी तरफ हमने एजरा पाउण्ड, बॉदलेयर, ब्रेख्त, नेरूदा, रिल्के, पॉल एलुआर की वैश्विक कविता की दुनिया में प्रवेश किया। एक बार उनके साथ पैदल चलते हुए मैंने यों ही उस समय 'वर्तमान साहित्य' में अनूदित अर्नेस्तो कार्नेदाल की एक कविता 'मर्लिन मनरो के लिए प्रार्थना' का जिक्र किया तो उन्होंने बहुत विस्तार के साथ अर्नेस्तो कार्नेदाल के बारे में बताया।

कक्षा में पढ़ाते हुए वे धारा प्रवाह व्याख्यान देते थे। उनके सामने कोई चिट या प्वाइंट नहीं होते थे। नामवर जी की स्मृति, उनके ज्ञान की गहराई, उनका विराट अध्ययन हमें चमत्कृत करता था पर केदार जी के व्याख्यान में एक चुम्बकीय आकर्षण होता था। वे हमें अपने साथ बाँधे रखते थे। उनकी आवाज़ की खनक, बोलते हुए उनके दोनों हाथों का संचालन, उनकी रचनात्मकता और मौलिकता हमें आविष्ट और आकृष्ट करता था। उनके अध्यापन के दौरान कबीर और रवीन्द्रनाथ का अक्सर जिक्र आता था। वे थोड़े मूडी भी थे। एक दिन मौसम बहुत अच्छा था। खिड़कियों के बाहर हल्की-हल्की बारिश हो रही थी। हम सब विद्यार्थियों के अपने कक्ष में प्रवेश करते ही उन्होंने कहा, 'आज अनध्याय का मौसम है'। तुम लोग मौसम का आनंद लो'। इसी तरह एक दिन किसी समस्या को लेकर विद्यार्थियों ने हड़ताल की थी। लेकिन हमलोग कक्षाओं के लिए उनके कमरे में पहुँच चुके थे। उन्होंने हम सबसे कहा, 'तुम लोगों को अपने साथियों का साथ देना चाहिए' और कक्षा मुल्तवी कर दी। हम सभी जानते थे कि अपने शुरुआती दिनों में उन्होंने सुंदर गीत लिखे थे। गीत को लेकर एक दिन कक्षा में उन्होंने कहा था कि 'गीत में पहली पंक्ति की भूमिका तानाशाह की होती है। संपूर्ण गीत एक तरह से उसी का

Scanned with CamScanner

R.N.I 30993/76
ISSN : 2456-1924

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

जहाँ तक हिंदी की समृद्धि का सवाल है, वह राजभाषा होने के बावजूद सम्पूर्ण भारत में एक आधुनिक राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकृत हो चली है और कहना न होगा कि यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का वरदान ही नहीं बल्कि लोक योगदान है। वस्तुतः यह 'हिन्द स्वराज' के रचनाकार की ऐतिहासिक देन है।

इन थोड़े से शब्दों के साथ मैं राष्ट्रीय संस्कृति / संस्कृति संस्थान के सामान्य साथियों के प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।
'कवि' के शब्दों में
कोई अलग न कहूँ अलगाव।
सलाम रहे, हद आये कल्याण।

नामवर सिंह

साहित्य अकादमी
मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, बाणगंगा, भोपाल (म.प्र.)

साक्षात्कार

अंक : 472-473, अप्रैल-मई 2019

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

नामवर सिंह

(28 जुलाई 1926 - 19 फरवरी 2019)

सियाराम शर्मा

नामवर सिंह की आलोचना दृष्टि

आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी की परम्परा में राम विलास शर्मा के बाद नामवर सिंह हिन्दी आलोचना के शिखर व्यक्तित्व हैं। लगभग छः दशकों तक उन्होंने अपनी सृजनात्मक और वाचिक आलोचना के माध्यम से हिन्दी समाज के रचनात्मक सौन्दर्यबोध के विकास में अपना अप्रतिम योग दिया। रचनाकारों की कई पीढ़ियों को उन्होंने संस्कारित किया। उनमें साहित्यिक आस्वाद की गजब की क्षमता है। रचना के दबे-छुपे अर्थ को उद्घाटित करने और उसकी अन्तर्ध्वनियों और अनुगूँजों को पहचानने की उनकी क्षमता हमें चकित करती है। एक मार्क्सवादी आलोचक होने के बावजूद उनका वैचारिक खुलापन और चौकन्नापन उनकी आलोचना को व्यापकता प्रदान करता है। उन्होंने हिन्दी आलोचना को आधुनिक विचारों से सम्पन्न किया और उसे एक वैश्विक परिप्रेक्ष्य दिया। उनकी आलोचना संवादधर्मी आलोचना है। अपने पूर्ववर्तियों, समकालीनों से बहस करते, टकराते और संघर्ष करते हुए उन्होंने अपनी आलोचना दृष्टि का विकास किया।

नामवर सिंह ने भारतीय काव्यशास्त्र, मार्क्सवादी चिन्तन, मार्क्सवादी सौन्दर्यशास्त्र की लम्बी परम्परा के साथ अमेरिकी 'न्यू क्रिटिसिज्म' तथा एफ.आर.लीविस के विचारों को आत्मसात् करते हुए भारतीय समाज, समय, सन्दर्भ के अनुरूप अपनी आलोचना दृष्टि का विकास किया। उनके अध्ययन का दायरा बहुत विस्तृत है। भारतीय परम्परा में वेद, उपनिषद्, महाभारत और भास, कालिदास, अश्वघोष, भवभूति के साहित्य तथा अभिनवगुप्त, आनन्दवर्धन, राजशेखर के काव्यशास्त्रीय चिन्तन से वे भली भाँति परिचित थे। मार्क्स, एंगेल्स, लेनिन के अलावा आर्ब सुकाच, अन्तोनियो ग्राम्शी, वाल्टर बेंजामिन, रेमण्ड विलियम्स के महत्वपूर्ण विचारों को उन्होंने आत्मसात् किया था, जिसने इतिहास परम्परा और समाज की उनमें गहरी समझ पैदा की थी। एक मार्क्सवादी आलोचक के रूप में ख्याति होने के बावजूद उन पर गैरमार्क्सवादी एफ.आर. लीविस और अमेरिकी 'नयी समीक्षा' का गहरा प्रभाव था। भारत के विविध भाषाओं के साहित्य के साथ ही रूसी, यूरोपीय, लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी साहित्य में भी उनकी गहरी पैठ थी। इन सबको उन्होंने सिर्फ पढ़ा ही नहीं था, उस पर सोचा, परखा और आत्मसात् किया था। जीवन के व्यापक अनुभवों, युवावाती दौर के कठिन संघर्षों के साथ विकसित हुई रचनात्मक संवेदनशीलता के साथ ज्ञान के इस सान्द्र रसायन ने मिलकर एक ऐसे आलोचकीय व्यक्तित्व का निर्माण किया जो अपने विश्वकोशीय ज्ञान से आतंकित करने के बजाय साहित्य की महत्ता, विलक्षणता और सुन्दरता के प्रति राग उत्पन्न करता है। मुक्तिबोध द्वारा प्रस्तावित पद 'ज्ञानात्मक संवेदना और संवेदनात्मक ज्ञान' उनके व्यक्तित्व में मूर्त होता हुआ दिखायी पड़ता है।

नामवर सिंह अपनी आलोचना में साहित्य की साहित्यिकता को सुरक्षित रखते हुए, उसके भीतर से

उभरते हुए युग सत्य की पहचान करते हैं। साहित्येतर सत्य को रचना पर लादने की अपेक्षा उसके भीतर की संरचना से उभरते हुए युग सत्य पर उनका ज्यादा भरोसा है। वे साहित्यिक आस्वाद, रचनागत सौन्दर्य का उद्घाटन तथा नये अर्थ की तलाश को अपनी आलोचना का प्रस्थान बिन्दु बनाते हैं। उनकी आलोचना साहित्य की सामाजिकता को पहचानने वाली सृजनात्मक आलोचना है। उन्होंने बने-बनाये सिद्धान्तों से रचना को जाँचने की अपेक्षा उससे टकराने के क्रम में अपने आलोचनात्मक औजारों को विकसित किया। उनमें बौद्धिक जड़ता, कट्टरता और कठमुल्लापन की जगह लचीलापन है। इसीलिए वे निरन्तर अपने आपको संशोधित और परिमार्जित करते चलते हैं।

अक्सर देखते हुए बहुत सारी चीजें आँखों से ओझल हो जाती हैं। प्रायः जो ऊपर-ऊपर दिखता है, सच नहीं होता। यथार्थ की कई तहें और परतें होती हैं। कभी-कभी उस पर पर्दा भी पड़ा रहता है। कुछ लोगों की दृष्टि बहुत पैनी और धारदार होती है। वे कई तहों और परतों को भेदकर यथार्थ के तार-तार और रेशे-रेशे को देख पाते हैं। ऐसी तीक्ष्ण, पारदर्शी और तलस्पर्शी दृष्टि रचना और आलोचना दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। देखने में देखने का स्थान और कोण बहुत निर्णायक होता है। देखने के स्थान और कोण बदलने से दृश्य भी बदल जाते हैं। अतः देखने में दृष्टिकोण की बड़ी भूमिका है। कहाँ खड़े होकर, किस जगह से हम चीजों को देख रहे हैं, इसका महत्व है। रचना और आलोचना का सारा वैभव और सौन्दर्य वस्तुतः इस देखने और दिखाने की क्षमता पर आश्रित है। नामवर सिंह की आलोचना में दूसरों के लिए अदृश्य, अव्यक्त और अश्रव्य को देख और सुन पाने की अद्भुत क्षमता ही उसे सुखद, सुन्दर और आकर्षक बनाती है।

नामवर सिंह रचना और आलोचना में खालिस विचार से ज्यादा महत्व इन्द्रियबोध, सौन्दर्यबोध और भावबोध को देते हैं। हाँ, जब विचार लेखक की दृष्टि में समाहित हो जाए और वह उसकी विश्वदृष्टि का हिस्सा बन जाए तो अवश्य ही रचना और आलोचना दोनों के लिए फलदायी होगा। वे रचना में विचार को नमक की तरह घुला-मिला हुआ देखना चाहते हैं। रचना में विचार के विज्ञापन और प्रदर्शन की जगह उसके भीतर से उभरते विचार पर उन्हें ज्यादा भरोसा है। वे रचना में माला के भीतर पिरोये गये धागे के रूप में विचार की भूमिका को देखते हैं जो रचना को एकसूत्रता और संगति तो प्रदान करता है पर उसके सौन्दर्य को विनष्ट नहीं करता। विचार अगर लेखक की दृष्टि में शामिल न हो तो ऐसे विचार और विचारधारा उनके लिए महत्वहीन है। उन्होंने साफ-साफ कहा है-"विचार पुराने पड़ जाते हैं, युग के अनुसार संशोधित हो जाते हैं, लेकिन इन्द्रियबोध सबसे टिकाऊ होता है.... ।...इसलिए साहित्य केवल इन्द्रियबोध है।.... विचारधारा के बिना भी साहित्य श्रेष्ठ बन सकता है और विचारधारा के साथ भी"। (नामवर सिंह/'आलोचना और विचारधारा'/सं.-आशीष त्रिपाठी/राजकमल प्रकाशन, दिल्ली/पहला संस्करण-2012,/पृ.19,21 .)

आई. ए. रिचर्ड्स की तरह आलोचना की सैद्धान्तिकी विकसित करने में उनकी कभी रुचि नहीं रही। वे मैथ्यू आर्नोल्ड के 'टचस्टोन' की विफलता से भी भली-भाँति परिचित थे। शास्त्र और सिद्धान्त विकसित करने में हमेशा एक व्यवस्था का निर्माण करना होता है, जो विविध रचनाओं से टकराने के क्रम में नाकाफी और असहाय नजर आती है। उसकी सीमाएँ जल्द ही उजागर हो जाती हैं। सिद्धान्त और शास्त्र के अनुसार रचनाओं को जाँचना-परखना दूरबीन को उल्टी दिशा से देखने की तरह है। इसीलिए नामवर

उत्पल

(शोध, विमर्श और सृजन)

प्रधान सम्पादक

डॉ. सुधीर सोनी

सम्पादक, प्रकाशक आदेश

आदेश संत

अतिथि सम्पादन

डॉ. गिरीशरंजन तिवारी

(नैनीताल)

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

लोक संस्कृति और आधुनिकता

श्री [illegible] सिंह शर्मा
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी)
शास. दि. ब. तु. स्नातकोत्तर स्वशासी
महाविद्यालय दुर्ग (छ.ग.)

परिवर्तन प्रकृति का नैसर्गिक गुण है। इस परिवर्तन का प्रभाव समाज पर अनवरत रूप से पड़ता रहता है। परिणाम स्वरूप समाज और उसकी प्रक्रियाएँ निरन्तर अपने रूप में परिवर्तन करती रहती हैं इस परिवर्तन का प्रभाव समाज पर दो प्रकार से होता है साथ ही समाज के आर्थिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पक्ष पर भी पड़ता है। इस परिवर्तन को हम समाज का विकास भी कह सकते हैं। संस्कृति के विकास की प्रक्रिया सामाजिक और आर्थिक विकास की प्रक्रिया है। [illegible] ने स्पष्ट रूप से संस्कृति की परिभाषा को स्पष्ट करते हुये लिखा है "संस्कृति वह संपूर्ण जटिलता है जिसमें ज्ञान, विश्वास, कला, आचार, विधि, प्रथा तथा अन्य क्षमताओं और आदतों का समावेश रहता है जिन्हें मनुष्य समाज के सदस्य के रूप में उपार्जित करता है। इसी संबंध में समाजशास्त्री [illegible] का मत है संस्कृति एक जटिल सम्पूर्णता है जिसमें वे सभी बातें सम्मिलित हैं जिन पर हम सोचते हैं, कार्य करते हैं और समाज के सदस्य होने के नाते अपने पास रखते हैं।

लोक संस्कृति : आधुनिकता का दबाव

आधुनिक सभ्यता के विकास के साथ ही देश में प्रौद्योगिकी का विकास हुआ, परिणामस्वरूप इसका प्रभाव संस्कृति पर भी पड़ा। वस्तुतः देश की संस्कृति का मूल उद्गम [illegible] का लोक जीवन ही है, क्योंकि लोक संस्कृति ही तो मानव की सांस्कृतिक ऊर्जा का स्रोत रही है। लोक जीवन तो एक ही समाज की जड़ों को सींचता है। यही संस्कृति मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी वास्तविकता है। समय और परिस्थिति के अनुरूप समाज का आंतरिक व बाह्य कलेवर बदलता है, सांस्कृतिक स्थितियाँ भी [illegible] परिवर्तित होती हैं। इसे हम अस्वाभाविक और गलत भी नहीं कह सकते। "आधुनिक विज्ञान और आधुनिक दर्शन की भौतिकतावादी विचार पद्धति ने [illegible] लोक (लोक गाथा / लोक जीवन) पारम्परिक रूप और पारम्परिक चेतना के ऐतिहासिक विकास की बुनियादी अवधारणाओं (की समझ) को स्पष्ट करने वाला एक [illegible] है। संस्कृति [illegible] के सभी प्रकारों और उनकी [illegible] की दृष्टि से यह लोक आदिम से आधुनिक तक बराबर प्रवाहमान है। यह परम्परा से विच्छिन्न कभी नहीं हुआ है बल्कि इस लोक के द्वारा ही [illegible] के मुताबिक नई जिन्दगी मिलती रही है। इसके अतिरिक्त सामाजिक जीवन में समस्त प्रकार के प्रयोगों और समान प्रकार की प्रणालियों के मामलों का निर्धारण भी इस लोक से ही होता रहा है। मानवीय इतिहास की पुनर्व्याख्या का प्रारम्भ सामान्य लोक से होता है। इतिहास की निरन्तरता को बनाये रखने में इस लोक की हमेशा से महत्वपूर्ण भूमिका रही है।"[1]

आधुनिक काल में लोक जीवन की पारम्परिक संरचना टूटने लगी और स्वाधीनता के पश्चात तो उसके टूटने का क्रम बहुत तेज हो गया। गाँवों में नये राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियाँ [illegible] उत्पन्न हुईं इसके फलस्वरूप ग्रामीण जीवन बहुत तेजी से बदलने लगा। शिक्षा का प्रसार होने लगा। शहरों से सम्पर्क बढ़ता गया। फलस्वरूप लोक की अभिव्यक्ति [illegible] मानसिकता, महत्त्वाकांक्षा, उपयोगिता और भौतिक जरूरतें भी उत्पन्न होती गयीं। समाज और मूल्यों में बहुत बदलाव आये। प्रकृति और मनुष्य के प्रति सामाजिक लगाव कम होते गये। गाँव की राजनीति के परिणाम स्वरूप उनमें आपसी कलह और अलगाव को उभरने का अवसर मिला। 'आज लोक जीवन एक दूसरा ही लोक जीवन है। [illegible] और इसकी संस्कृति अत्यंत संकीर्ण और बहुआयामी बन गयी है। गाँव कस्बों में एक ओर लोक चेतना अत्यन्त जटिल बन गयी है दूसरी ओर स्वार्थी रूप में वर्तमान प्रकृति के प्रति उसका लगाव कम हो रहा है। इस लगाव की कमी का परिणाम यह हो रहा है कि [illegible] चले जा रहे हैं और [illegible] जा रहे हैं।[2]

मनुष्य अपने लक्ष्य से भटक गया है, क्योंकि वह सामाजिक पाखण्ड, ऊँच नीच की खाइयों, जीवन की विसंगतियों एवं विद्रूपताओं, भौतिक विलासिता, रूढ़ियों, अंधविश्वासों एवं हीन कुण्ठाओं के जाल में फँस कर रह गया है। 'इतिहास ही तो इस सच्चाई का साक्षी रहा है कि जब कभी भी और जहाँ कहीं भी इस लोक की अवहेलना हुई है अथवा इस लोक के विरुद्ध आचरण किया गया है तो समाज के जीवन में विकास के [illegible] अराजकता फैलती रही है। विकास के [illegible]

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)





PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

लोक साहित्य और शिष्ट साहित्य

[illegible]

[illegible]

[illegible]

A group of peoples, a ... [illegible]

[illegible] (हिन्दी), [illegible]

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

N-0972-9909 CHHATTISGARH VIVEK www.kalyancollege.org

छत्तीसगढ़ विवेक

कला, मानविकी, संस्कृति, शिक्षा, पत्रकारिता, वाणिज्य एवं विज्ञान की त्रैमासिक शोध-पत्रिका

अंक-43, वर्ष -12, अक्टूबर-दिसंबर, 2013

•

संपादक
आर.पी. मिश्रा

•

प्रबंध संपादक
प्रो. एल. आर. वर्मा

•

सहायक संपादक
डॉ. सुधीर शर्मा

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

कल्याण अध्ययन-विश्लेषण एवं अनुसंधान केंद्र
कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाईनगर (छत्तीसगढ़)

प्रगति की परंपरा और उसकी अवधारणा

डॉ. कोमल सिंह शार्वा
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला- बालोद

श्रीमती नीलम शैलेषराव वैरागड़े,
शोधार्थी

'प्रगति' शब्द अन्तर्बाह्य- रूप से आगे बढ़ने की क्रांतिकारी चेतना का प्रतिनिधित्व करता है। 'प्रगति' अपने शुध्द रूप में मानव की एक सहज मनोवृत्ति और सामूहिक जीवन की मूल आवश्यकता है।

साहित्य में प्रगतिशीलता एक 'मूल्य' है जो समय से प्रतिबद्ध और सापेक्ष भी है। यह गतिशील और विकासमान यथार्थ का अंग है। प्रगतिशीलता हमें सभी जगह दिखाई देती है, जैसे समाज में, राजनीति संस्कृति, भाषा, साहित्य, अर्थतंत्र, सभी में प्रगतिशीलता रही है और रहेगी।

'प्रगति' के विचार का अर्थ हमें स्पष्ट रूप से 1920 में प्रकाशित जे.बी. बरी की किताब 'दि आयडिया ऑफ प्रोग्रेस' में मिलता है। इसमें प्रगति की कुछ मूलभूत धारणायें बताई गयी हैं, जैसे मानव सभ्यता एक वांछित दिशा में विकास करती रही है, आर भी और करती रहेगी। मनुष्य में विकास की अनन्त क्षमता है, मानव सभ्यता की सम्पूर्ण प्रगति मनुष्य की अपनी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक प्रकृति की ही देन है।

इस प्रकार, "मानव प्रगति की धारणा एक ऐसा सिद्धांत है, जो अतीत की घटनाओं का संश्लेषण और आने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी से मिलकर बनता है।"

कुछ दार्शनिकों का मानना है कि मनुष्य समाज के विनाश की ओर बढ़ रहा है और स्वर्ण-युग तो सिर्फ प्राचीन काल ही था। हमें ध्यान रखना चाहिए कि इतिहास के प्रति चक्रवादी और पतनवादी दृष्टिकोण प्रगति की धारणा के खिलाफ है।

प्राचीन ग्रीक दार्शनिक सेनेका मूलतः अतः पतनवादी दृष्टिकोण का दार्शनिक था किन्तु उसकी धारणा थी कि मनुष्य का अपने आस-पास की प्रकृति के प्रति ज्ञान धीरे-धीरे बढ़ा है और भविष्य में आगे भी बढ़ेगा, इस विचारधारा में प्रगति का विचार विद्यमान है, इसीलिए यूनानी चिंतन में सेनेका यह प्रगति में विश्वास अपना अद्वितीय स्थान रखता है।

चीन में प्राचीनतम ग्रंथ 'ई-किंग' में प्रगति के तत्व दिखाई देते हैं। इनका विश्वास था कि जल से जीवन की उत्पत्ति हुई और विभिन्न रूपों से विकसित होता हुआ यह जीवन मनुष्य रूप तक पहुँचा है। इनके अनुसार स्थिति (यिन) और गति (यांग) की प्रक्रिया से विश्व की जीवन धारा चलाते है।[2]

पर मध्ययुग में जब ईसाई चिन्तन का बोलबाला था, जिसमें कहा गया है कि इतिहास को ये एक प्राकृतिक विकास के रूप में नहीं बल्कि ईश्वरीय आदेश से घटित घटनाओं की एक श्रृंखला के रूप में देखते हैं। ऐसे कालखंड में 'रोजर बेकन' को प्रगति की धारणा का अपना महत्वपूर्ण स्थान है। रोजर बेकन को प्रगति की धारणा का प्रथम उद्घोषक कहा जाता है। उसने सबसे पहले प्रकृति के रहस्यों को खोजने के लिए प्रायोगिक विधियों के महत्व को प्रतिपादित किया।

इसी सिलसिले में 'ज्यां बोदां' का उल्लेख महत्वपूर्ण है। उन्होंने 1566 में प्रकाशित अपनी किताब 'ऐतिहासिक अध्ययन की प्रस्तावना' में लोकप्रचलित धारणा को गलत कहा और उसे स्पष्टतापूर्वक अस्वीकार किया। उन्होंने कहा कि यदि प्राचीन काल ही मानव इतिहास का स्वर्णकाल होता और उसके बाद मनुष्य की निरंतर अधोगति ही हुई होती तो मानव जाति अपने निम्नतम स्थिति पर पहुँच गयी होती। इसके उपरांत फ्रांसिस बेकन ने ज्ञान-विज्ञान के संशोधन की पूरी योजना तैयार की और ज्ञान का लक्ष्य 'उपयोगिता' को घोषित किया। प्राचीन युग को उसने मनुष्य का बचपन कहा अपने युग को उसकी वृद्धावस्था। बेकन के अनुसार, अधिक ज्ञान की आशा हम मनुष्य के बचपन या जवानी की अपेक्षा उसकी वृद्धावस्था से कर सकते है।[3]

प्रगति के किसी निश्चित सिद्धांत की रचना के लिए एक निश्चित वैचारिक पृष्ठभूमि की आवश्यकता थी जिसकी पूर्ति बेकन और बोदां ने की। इसके आगे विज्ञान को प्राचीन विचारकों के वर्चस्व से छुटकारा मिला। 'प्रयोग' को उसका महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है-दकार्त ने 'स्पष्टता और असंदिग्धता' को सत्य की एक मात्र कसौटी बनाया और प्रकृति के नियम अपरिवर्तनशील और सार्वभौम हैं ऐसा कहा।[4] दे-कार्त के सत्य पर पहुँचने के तरीके का इनके समकालीन चिंतन पर व्यापक प्रभाव पड़ा। उसके शिष्यों में एक फॉन्तनेल पहली बार मानवीय ज्ञान की प्रगति के एक निश्चित सिद्धांत को जन्म दिया।

दे-कार्त के शिष्य फॉन्तनेल ने कहा कि सृष्टि के पास एक मसाला है जिसको हजारों तरह से मोड़-तोड़कर वह संस्कृति रचना करती है। तात्पर्य है कि प्राचीनों और आधुनिकों में जो अंतर वह सिर्फ दो कारणों से है।

(1) समय (2) भौगोलिक स्थिति

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

UGC Approved Journal No. - 40957
(IIJIF) Impact Factor - 4.172
Regd. No. : 1687-2006-2007 ISSN 0974 - 7648

J I G Y A S A

AN INTERDISCIPLINARY PEER REVIEWED REFEREED RESEARCH JOURNAL

Chief Editor : *Indukant Dixit*

Executive Editor : *Shashi Bhushan Poddar*

Editor
Reeta Yadav

Volume 12 June 2019 No. V

Published by
PODDAR FOUNDATION
Taranagar Colony
Chhittupur, BHU, Varanasi
www.jigyasabhu.blogspot.com
www.jigyasabhu.com
E-mail : jigyasabhu@gmail.com
Mob. 9415390515, 0542 2366370

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

- कुबेरनाथ राय का सांस्कृतिक संबोध — [illegible]
  प्रदीप कुमार तिवारी, [illegible]

- प्राचीन भारत में कृषि तथा पशु-पालन का ऐतिहासिक अध्ययन — [illegible]
  डॉ. रिंकी कुमारी, [illegible]

- गजलकार श्रीमती संतोष [illegible] — [illegible]
  श्रीमती पुष्पलता [illegible], [illegible]
  डॉ. कोमल सिंह सार्वा, [illegible]

- [illegible] के [illegible] पर दो किताबों का [illegible] — [illegible]
  अजीत प्रताप सिंह, [illegible]

- [illegible] उपन्यासकारों की वस्तु विन्यास का वैशिष्ट्य — [illegible]
  [illegible] कुमारी
  [illegible]

- सामुदायिक राष्ट्रीय विघटन के परिप्रेक्ष्य में भारत में मानवाधिकार प्रश्न से जुड़ी समस्याएं — [illegible]
  डॉ. जवाहर [illegible], [illegible]

- भाषा की स्थापित मान्यताओं के मध्य 'नई कहानी' में भाषा की तलाश — [illegible]
  डॉ. [illegible] पंडित, [illegible]

- [illegible] की पृष्ठभूमि पर लिखा गया हिंदी का [illegible] उपन्यास — [illegible]
  [illegible] कुमारी, [illegible] नई दिल्ली

- बुद्ध के द्वितीय आर्य सत्य का विमर्शात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन — [illegible]
  डॉ. अवधेश कुमार झा, [illegible]

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

मोहनदास नैमिशराय की कहानियों में दलित-अस्मिता

डॉ. कोमल सिंह शार्वा[1], डॉ. सुधीर शर्मा[2], कमल कुमार बजारे[3]

[1]शोध निर्देशक, भानु प्रताप देव, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
[2]सह-निर्देशक, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर, (छ.ग.)
[3]शोधार्थी, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई नगर (छ.ग.)

ISSN: 2249-894X
IMPACT FACTOR : 5.7631(UIF)
UGC APPROVED JOURNAL NO. 48514
VOLUME - 8 | ISSUE - 8 | MAY - 2019

भूमिका -

वर्तमान युग दलित चेतना की कहानियों में अपनी उपस्थिति दर्ज की। आठवें दशक में यह उपस्थिति और अधिक तीव्रता से उभरी, लेकिन हिन्दी सम्पादकों और समीक्षकों के उपेक्षापूर्ण रवैए के कारण दलित रचनाएँ लगातार चर्चा से बाहर रही। दलित रचनाकारों के संघर्ष ने आखिर इस तिलस्म को तोड़ने में सफलता पाई। दलित रचनाकार मोहनदास नैमिशराय की कहानियाँ जहाँ दलित पत्रिकाओं में छप रही थी वहीं 'सरिता' 'भारती', 'युगबोध', 'संचेतना', 'स्वतंत्र भारत' में भी छपी। इस प्रकार यह एक विशाल पाठक वर्ग तक पहुँचाने में सफल रही।[1]

मोहनदास नैमिशराय का प्रथम कहानी संग्रह 'आवाजें' में 13 कहानियाँ संग्रहीत है। ये कहानियाँ - आवाजें, घायल शहर की एक बस्ती, अपना गांव, हारे हुए लोग, महाशूद्र, अधिकार चेतना, गंजा, बरसात, दौर, उसका, शह, शहर और वे, भीड़, यह, महायुद्ध।

दूसरा कहानी-संग्रह 'हमारा जवाब' में 10 कहानियाँ है- कर्ज, तमीज, रीत, हमारा जवाब, परम्परा, फासला, आधा सेर घी, सुनो तहसीलदार, रुपये, चिनगारी, मकर, जहर, सिमटता हुआ आदमी, मजदूरी, मुक्ति का रास्ता, कर्ज, एक गुमनाम मौत, ड्राइवर के कोट का बटन, एक अखबार की मौत। तीसरे कहानी संग्रह 'दलित कहानियाँ' में 16 कहानियाँ हैं गई है - सिलसिला, आदमी की तलाश, इज्जत, चमत्कार, प्यास, एक आदमी, एक भला मानस, (माँ, गुड़ और साहूकार) यात्रा, टोकरी की नौकरी, अत्याचार, धर्म परिवर्तन, आप यहां क्यों आते है, फेस बुकिया सुखनवा, बस सिर्फ इतनी सी।

इस तरह 48 कहानियाँ अब तक प्रकाशित हो गई है। इसमें से अधिकांश कहानियाँ पत्र-पत्रिकाओं में पहले से ही छप चुकी थी कुछ अभी हाल फिलहाल में छपी है।

मोहनदास नैमिशराय की कहानियों में निम्न लिखित दलित अस्मिता है -

दलितों पर हुए अत्याचारों की दर्दनाकअभिव्यक्तिहै -

'अपना गांव' कहानी दलितों पर किए गए असीम अत्याचार को प्रस्तुत करती है। दलित महिला कबूतरी को ठाकुर के मंझले बेटे ने सारे गांव में इसलिए नंगा करके घुमाया कि उसका पति संपत ठाकुर से पांच सौ रूपया कर्जा लेकर गया जिसे कबूतरी चुका नहीं सकी। लेकिन गांव में ऐसी घटना का विरोध करने की हिम्मत किसी में नहीं थी। सभी दलितों पर अत्याचार करने का अधिकार गांव के सवर्ण समाज को परंपरागत रूप में ही मिला है।

संपत के पत्नी को नंगा कर गांव में जुलूस निकालने वाले (ठाकुरों) के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने के लिए गए दलित युवक संपत और उसके साथियों का पुलिस की ओर से न्याय की अपेक्षा लाते, गाली और डंडे से मार-पीट मिली। न्याय की मांग करने हेतु गए दलितों को पुलिस थाने में ही बंद किया गया। "अत्याचारी दलितों को दंडित करने वाले

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

कोसंबी
कल्पना से यथार्थ तक
लेखक - भगवान सिंह
प्रकाशक - राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली
पृष्ठ संख्या - 320
मूल्य - 250 रुपये (पेपरबैक)

सियाराम शर्मा : सुपरिचित लेखक। समाजवाद का संकट और मार्क्सवाद (पल प्रतिफल - 1992), 'कविता का तीसरा संसार' (पहल 195-96) तथा 'भारत का गहराता कृषि संकट और किसानों की आत्महत्यायें' (साम्य - 2015) शीर्षक से तीन पुस्तिकाएँ प्रकाशित। नक्सलबाड़ी आंदोलन के तीन दशक पर 'विकल्प' के दो विशेषांकों का सह सम्पादन। मार्क्सवाद में गहरी रुचि।
संप्रति - छत्तीसगढ़ के शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय, उतई में अध्यापन।
सम्पर्क :- 7/35, इस्पात नगर, रिसाली, भिलाई नगर,
जिला - दुर्ग (छत्तीसगढ़), पिन कोड - 490006.
(नि. - 09329511024 (मो0)
ई-मेल - prof.siyaramsharma@gmail.com

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

सियाराम शर्मा

"तुम्हीं कहो कि यह अन्दाज़-ए-गुफ़्तगू क्या है"

"इतिहास राष्ट्रवादी या नृजातीय या पुनरुत्थानवादी विचारधाराओं के लिए उसी तरह कच्चा माल होता है जैसे हेरोइन के नशेड़ियों के लिए अफीम। इन विचारधाराओं के लिए शायद इतिहास सबसे जरूरी चीज होता है। अगर अतीत अनुकूल नहीं होता है तो उसे अपने अनुकूल गढ़ लिया जाता है।"1

- एरिक हॉब्सबाम

प्रसिद्ध मार्क्सवादी इतिहासकार दामोदर धर्मानंद कोसंबी बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न व्यक्ति थे। उन्होंने भारत में मार्क्सवादी इतिहास लेखन की पुख्ता नींव रखी। वे पेशे से गणितज्ञ और सांख्यिकीविद् थे। कुछ समय के लिए उन्हें अल्बर्ट आइंस्टीन का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने फर्ग्यूसन कॉलेज पूणे, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में अध्यापन करने के साथ-साथ 'टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च' और 'कांउसिल फॉर साइंटीफिक एंड इंडस्ट्रिअल रिसर्च' जैसी संस्थाओं में भी कार्य किया। 'विश्व शांति आन्दोलन' की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गणित और सांख्यिकी के साथ-साथ 'क्रोमोजोम मैपिंग', वैज्ञानिक इतिहास, पुरातत्व, सिक्काशास्त्र, संपादन और पाठालोचन के क्षेत्र में भी अपनी महत्वपूर्ण पहचान बनायी। वे बहुभाषाविज्ञ थे। संस्कृत, पालि, प्राकृत, ग्रीक, लैटिन, जर्मन तथा फ्रेंच भाषा पर उन्हें असाधारण अधिकार था। उन्होंने साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में अमर सिंह के 'अमर कोश', विद्याकर के 'सुभाषितरत्नकोश', भर्तृहरि के 'शतकत्रयी', 'उर्वशी-पुरूरवा' प्रसंग, 'भगवद्गीता' तथा कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' पर जो विद्वतापूर्ण विवेचन-विश्लेषण का कार्य किया, वह आज भी भारतीय बुद्धिजीवियों और लेखकों के समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है। उनके इन महत्तर कार्यों की तुलना क्रिस्टोफर कॉडवेल, जार्ज थाम्पसन और अर्नाल्ड हाउजर के साथ की जाती है।

अक्षर

अगला अंक

हिंदी समाज

इसमें हिंदी समाज की व्याप्ति, हिंदी समाज की सामाजिक मनोसत्ता,
सिनेमा, मिथकीय मानस, भाषायी तनाव, जाति, लिंग और यौनिकता,
दलित-स्त्री-बहुजन-आदिवासी,
संसदीय राजनीति, साहित्यिक और सांस्कृतिक वस्तुस्थिति,
आंदोलन, धर्म और दर्शन जैसे विषयों पर सामग्री होगी.

अतिथि संपादक
प्रकाश चंद्रायन
बसंत त्रिपाठी

अक्षर 50



...न्ध में आपका क्या विचार है?

आप क्या एनीमशन की बात कर रहे हैं? इस तरह का प्रयास हम लोगों ने किया नहीं ... ऐसा नहीं है, अवनीन्द्रनाथ ठाकुर की पुस्तक 'क्षीरेर पुतुल' (क्षीर की गुड़िया) पुस्तक के ... 'आनन्द' एक सीडी देता है और सत्यजित राय के 'बाक्स रहस्य', का एक रेडियो नाटक ... प्रसारित हुआ है, उसका कैसिट दिया जाता है पुस्तक के साथ। बड़े स्तर पर कुछ नहीं ... गया है, फिर भी प्रयास तो चल ही रहा है।

यह जो आपको इतना अनुभव हुआ, आप इतने लेखकों के सान्निध्य में ... बहुत-सी घटनाएँ हैं जिनको जानने की इच्छा पाठकों में हो सकती है, उनके ... आपको अपनी आत्म कथा लिखनी चाहिए, अभी तक लिखी है, या आगे ...ने की योजना है, या लिख रहे हैं?

स्मृति कथा जैसी एक पुस्तक लिख रहा हूँ। अर्थात् मन में जब जो चीज आ जाती ... किसी तरह के काल-क्रम का अनुसरण बिना किये, उसे नोट कर रख रहा हूँ। इस सम्बन्ध ... मैं इतना ही कह सकता हूँ। आगे चलकर एक पूरी पुस्तक ही रूपायित करने की इच्छा है। ... प्रयास करके।

कोई दुख, कोई खेद, किसी चीज को न पाने की ताड़ना क्या आपका पीछा ...ती है?

ना, ना। जीवन में बहुत कुछ पाया है। इतना सब पाने की बात ही नहीं थी। विशेषकर ... लड़का भैंस की पीठ-पर चढ़कर घूमा करता था। जो किशोर मशीनों को पोंछा करता था, ... यह सब सपने में भी नहीं सोचा था, फिर भी मेरा परिश्रम ही मेरे जीवन में विजयी हुआ।

और एक प्रश्न। क्या लेखक लोग आपको चिट्ठी नहीं लिखते हैं?

वह तो लिखते ही थे, लगभग सारी चिट्ठियाँ मेरे पास सुरक्षित रखीं हुई हैं। कौन नहीं ... उन चिट्ठियों में? नीरद सी. चौधुरी, लीला मजूमदार, सुभाष मुखोपाध्याय, सत्यजित राय, ... सेन, अलोक रंजन दास गुप्त, शंख घोष, दिव्येन्दु पालित, शीर्षेन्दु मुखोपाध्याय, रमापद ...धुरी, आर एवं और भी कई लोग। उस संग्रह को भी काम में लाने की इच्छा है, अपनी उस ... कथा में।

("वर्तमान देश" जनवरी-मार्च 2009 से साभार)

परिचय –नारदा वसु ने संस्मरणों की एक वृहद पुस्तक लिखी है। उसमें बांग्ला के लगभग सभी लेखकों पर संस्मरण हैं। 'अक्सर' कुछ संस्मरण प्रकाशित करेगा। रामशंकरजी इस ... व महत्वपूर्ण सामग्री को हिंदी में रूपान्तरित करके हमें उपलब्ध करायेंगे।

संपर्क -
मोब-09839617349

लेख

सियाराम शर्मा

लोकतंत्र में विचारकों की हत्याएँ

नरेन्द्र अच्युत दाभोलकर पेशे से डॉक्टर और लेखक थे। वे महाराष्ट्र के एक छोटे से कस्बे में डॉक्टर के रूप में कार्यरत थे। डॉक्टर के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने बहुत करीब से महसूस किया कि उनके बहुत सारे गरीब मरीज अंधविश्वास का शिकार होकर गुरुओं, बाबाओं और तांत्रिकों के जाल में फँसकर लूटे जाते हैं। डॉ. दाभोलकर ने इन गरीब और असुरक्षित लोगों की सहायता के लिए अंधविश्वासों को दूर भगाने वाली संस्था 'महाराष्ट्र अन्धश्रद्धा निर्मूलन समिति' का गठन किया और उसके प्रथम संस्थापक अध्यक्ष बने। इस क्रम में वे महाराष्ट्र के गाँव-गाँव में गये और जनसाधारण के समक्ष उन चमत्कारों को करके दिखाया, जिसकी आड़ में उन्हें लूटा जाता था। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि तरकीबों के सहारे कोई भी व्यक्ति इन चमत्कारों को दिखा सकता है। यही नहीं, उन्होंने महाराष्ट्र में नरबलि, अघोरी क्रियाओं और काला जादू को समाप्त करने के लिए एक बिल पास किये जाने का सफल और आक्रामक अभियान चलाया। इस विधेयक को ड्राफ्ट किये जाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस विधेयक का विधान सभा में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी और अन्य हिन्दूवादी दक्षिणपंथी संगठनों – सनातन संस्था, हिन्दू जन जागृति समिति ने विरोध किया। यहाँ तक कि विधान सभा में कांग्रेस भी यह कहते हुए 'वॉकआउट' कर गयी कि इस विधेयक से कुछ समूहों की भावना को ठेस पहुँचेगी। अन्ततः यह विधेयक उनकी हत्या के बाद 24 अगस्त, 2013 को अध्यादेश के रूप में जारी किया गया और उसी वर्ष दिसम्बर में महाराष्ट्र विधान सभा ने इसे पास कर दिया।

डॉ. दाभोलकर स्त्री मुक्ति के भी प्रबल समर्थक थे। स्त्रियों को अंधविश्वासों से मुक्त करने के साथ वे उन मंदिरों में उनके प्रवेश के पक्षधर थे, जहाँ उनका प्रवेश वर्जित माना जाता था। यह वास्तविकता है कि 'महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' के बैनर तले सर्वप्रथम डॉ. दाभोलकर ने ही अहमद नगर के शनी शिंगनापुर मंदिर में स्त्रियों के प्रवेश के लिए आन्दोलन चलाया था।

अक्सर

ISSN : 2581-415X
RNI NO. : CHHHIN/2014/59074
डाक पंजीयन संख्या : छग/दुर्ग/106/2018-2020

मासिक

दक्षिण कोसल

पत्रकारिता बिना सीमा के

• वर्ष-4 • अंक-07 • राजनांदगांव • अप्रैल 2018 • मूल्य : ₹30

ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक सरोकार के लिए

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt. Durg (C.G.)

अजा/अजजा अत्याचार कानून के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर से

देश में बवाल

हर 15 मिनट में दलित के खिलाफ एक अपराध होता है। हर दिन छह दलित महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता है।

पिछले दस वर्षों (2007-2017) में, दलितों के खिलाफ अपराधों में 66 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

. को जारी रखना है। न्यायमूर्ति कर्णन उच्च
.तका में उन चिंताओं को उठाने की कोशिश
ं थे।

जहां तक तथ्यों का सवाल है, न्यायालय बिल्कुल सही था कि गैर-अनुसूचित जाति के अधिकारियों द्वारा एक दलित कर्मचारी की चरित्र या अक्षमता के रूप में एक प्रतिकूल प्रविष्टि या अभियोजन पक्ष की मंजूरी के स्टैंड से इनकार न हो। पीओए के तहत यह अपराध है। इस मामले में, अभियुक्त को वास्तव में अग्रिम जमानत दी गई थी। लेकिन धारा 482 के तहत आपराधिक कार्यवाही को खारिज करने की उनकी याचिका को उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि पीओए के दुरुपयोग की संभावना के बावजूद, इसके दंड प्रावधानों में दोष नहीं लगाया जा सकता क्योंकि इससे नीचे की ओर और पिछड़े समाज के वर्ग दुर्भाग्य से, सर्वोच्च न्यायालय से गलत संकेत जाएगा।

अदालत ने सरकारी कर्मचारी की सुरक्षा में अधिक दिलचस्पी दिखाई क्योंकि पीओए के तहत किसी अपराध के आरोप में सरकारी कर्मचारी के लिए उचित और प्रक्रियागत सुरक्षा उपायों को एक प्रमुख मुद्दा के रूप में तैयार किया जाना चाहिए। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकारी कर्मचारियों और साथ ही अन्य लोगों को ब्लैकमेल किए जा सकते हैं और इसलिए सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

यह कहा कि 'निहित स्वार्थों की संतुष्टि के लिए गलत मकसद वाले सरकारी कर्मचारी/न्यायिक अधिकारी/अर्ध-न्यायिक अधिकारी के खिलाफ बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की शिकायतों के माध्यम से बड़े पैमाने पर मामला दायर किया जा रहा है।' यह अत्याचारियों के शिकायतकर्ताओं के खिलाफ भी एक वक्तव्य भरा है और जाति-दलित भारतीय समाज की शक्ति गतिशीलता को नजरअंदाज करता है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के तहत सरकारी कर्मचारियों के रूप में अधिकारियों की एक लंबी सूची अर्हता प्राप्त होती है। अदालत ने इस तथ्य को नजरअंदाज किया कि दलितों के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों के शत्रुतापूर्ण व्यवहार की आशंका में, पीओए की धारा 4 उन पर एक विशेष कर्तव्य रखता है कि उन्हें दी गई जानकारी के अनुसार एफआईआर दर्ज करें और हर संभव तरीके से शिकायतकर्ता की सहायता करें। एफआईआर का पंजीकरण न होने पर छह महीने की कारावास की न्यूनतम सजा के साथ दंडनीय होता है, जो कि एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। वास्तव में, पीओए की धारा 22 पहले से ही सरकारी कर्मचारियों को सद्भावना में लाए गए अपने सभी कार्यों से बचाती है और किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ कोई भी मुकदमा या अभियोजन पक्ष या अन्य कानूनी कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती है, अगर वह सद्भावना में कार्य कर रहा है।

अदालत ने सही तौर पर सख्त अपराध कानून के पहले सिद्धांत के रूप में बेगुनाही की धारणा पर बल दिया और कहा कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा आरोपों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी देखा कि सही है कि गिरफ्तारी केवल तभी की जा सकती है अगर 'विश्वसनीय' जानकारी हो और एक पुलिस अधिकारी के पास 'विश्वास करने का कारण' है कि अपराध किया गया है। निश्चित रूप से, गिरफ्तारी को यांत्रिक नहीं होना चाहिए और हमारे सामान्य कानून के तहत निर्दोष व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए कानून के तहत कोई जनादेश नहीं है।

सच यह है कि अदालत ने कहा है कि अग्रिम जमानत को छोड़कर केवल वास्तविक मामलों तक ही सीमित होना चाहिए और इसे किसी भी तरह के मामले में लागू नहीं किया जाना चाहिए जहां पहले मामला दर्ज नहीं किया गया है। यदि कोई आरोप प्रेरित है, तो इस तरह के अपवर्जन लागू नहीं होंगे। लेकिन फिर पीओए एक विशेष कानून है और सामान्य कानून की सुरक्षा को एक विशेष कानून के तहत वैध रूप से वंचित किया जा सकता है। सामान्य कानून और विशेष कानून के बीच संघर्ष के मामले में यह विशेष कानून है जो प्रचलित है। किसी भी मामले में, जैसा कि अदालत ने नोट किया है, सुप्रीम कोर्ट ने हेमा मिश्रा के मामले में ही फैसला किया है कि संवैधानिक न्यायालय को वैधानिक बार के बावजूद अग्रिम जमानत से रोक नहीं है।

झूठी निहितार्थ और अनावश्यक गिरफ्तारी के खिलाफ निर्दोष लोगों की रक्षा के लिए, अदालत ने कहा है कि प्रारंभिक जांच के बिना एफआईआर दर्ज नहीं किया जाना चाहिए, जिसे एक सप्ताह के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और प्राथमिकी के पंजीकरण के लिए अनुमति मिलने पर रिपोर्ट को कारण बताए। दलितों के खिलाफ अभियुक्तों के अपराधों को आगे बढ़ाने के लिए, अदालत ने आगे कहा कि यदि प्रारंभिक जांच की जाती है और एक मामला दर्ज किया गया हो तो गिरफ्तारी आवश्यक नहीं है। इसके अलावा दिशानिर्देश आगे बताते हैं कि दलितों के खिलाफ अभियुक्तों के अपराधों के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की लिखित अनुमति और करुणा के अंतिम चरण में बिना किसी सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए, अदालत ने अन्य नागरिकों को भी लाभ दिया और जिला एसएसपी की लिखित अनुमति के बिना गिरफ्तार नहीं कर सकते हैं।

दलितों के खिलाफ पहले से ही रिपोर्ट किए गए अपराधों के बारे में निश्चित रूप से फैसले का एक गलत प्रभाव होगा। अदालत ने अपने पहले के फैसले के खिलाफ ही नहीं, बल्कि पीओए की धारा 18 में भी लिखा है, जिसमें अग्रिम जमानत को छोड़ दिया गया है और संहिता की धारा 154 का आदेश दिया गया है, जो कि संज्ञेय अपराध के हर मामले में एफआईआर पंजीकृत है। रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी ने सर्वोच्च न्यायालय में एक समीक्षा याचिका दायर की। सामाजिक न्याय की संसदीय स्थायी समिति, जो पीओए के कार्यान्वयन की देखरेख करती है, इस फैसले की समीक्षा करने की भी संभावना है। बीजेपी सरकार का कोई विकल्प नहीं है, लेकिन समीक्षा का समर्थन करने के लिए एक आवाज में विपक्षी पार्टियां इस फैसले का विरोध कर रही हैं। भाजपा पहले ही आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बिहार चुनावों के दौरान आरक्षण पर बयान के लिए भारी कीमत चुकाया है और 2019 में दलित समर्थन खोना पसंद नहीं करेगा। बहुजन समाज पार्टी के नेता मायावती अब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर इसे एक बड़ा मुद्दा में बदलने में सक्षम हैं। ▪

लेखक, वाङ्मय-संपादक,
नालसार विधि विश्वविद्यालय, ([illegible]) हैदराबाद हैं

लोकतंत्र में विचारों की कमी और विचारकों की हत्याएं

भारत में एक बड़े सांस्कृतिक आन्दोलन का हमेशा अभाव रहा है, जो लोगों के सोच-विचार, आचार-व्यवहार को गुणात्मक रूप से आमूल-चूल बदल कर रख दे। वैदिक हिंसा और कर्मकाण्ड के विरूद्ध जैन धर्म और बौद्ध धर्म का विकास नये समाज को गढ़ने और रचने की दिशा में एक क्रांतिकारी और प्रगतिशील कदम था। बौद्ध धर्म को राज्याश्रय भी मिला। व्यापक जनता और जन-जीवन पर उसका प्रभाव भी पड़ा। भारत ही नहीं, आस-पास के देशों में भी उसका फैलाव हुआ।

@ सियाराम शर्मा

बौद्धकाल में उसकी तार्किक, कार्य-कारणवादी, वैज्ञानिक और समतावादी दृष्टि के कारण हमारे देश में शिक्षा, चिकित्सा, दर्शन, साहित्य और कला के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई। लेकिन छठी शताब्दी के आस-पास शंकराचार्य के नेतृत्व में एक भाववादी, अवैज्ञानिक दृष्टि के प्रभुत्व और प्रचार-प्रसार ने बौद्ध धर्म को हमारे देश से लगभग निष्कासित कर उसे प्रभावहीन बना दिया। लेकिन बौद्ध धर्म का प्रभाव लोक जीवन से पूरी तरह मिटाया नहीं जा सका।

12वीं शताब्दी से लेकर 14वीं शताब्दी तक

ISSN : 2581-416X
RNI NO. : CHHHIN/2014/59074
डाक पंजीयन संख्या : छग/दुर्ग/186/2018-2020

मासिक

दक्षिण कोसल



पत्रकारिता बिना सीमा के

• वर्ष-4 • अंक-08-09 • राजनांदगांव • मई-जून (संयुक्तांक) 2018 • मूल्य ₹30

सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक सरोकार के लिए

पत्थरगढ़ी बनाम स्वशासन और मालिकाना हक़ का संघर्ष

पूरे देशभर में आदिवासियों ने अपने गांव को संविधान के बल पर आजाद करने का काम हाथ में ले लिया है। यह काम गुजरात से होते हुए झारखंड और छत्तीसगढ़ में नई आजादी का रूप लेता जा रहा है।

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

लोकतंत्र में विचारों की कमी और विचारकों की हत्याएं

@ सियाराम शर्मा

कलम से आगे...

'भावना से संचालित समाज में विद्वता और वस्तुपरकता के लिए कोई प्यार और लगाव नहीं होता।'

इस सत्ता और व्यवस्था से पैदा गहन हताशा और निराशा ने एक सचेत और सक्रिय समाज की जगह हमें मूक दर्शक समाज में तब्दील कर दिया है। हमारे समाज में जारी लूट, झूठ और हिंसा हमें गहरे स्तर पर आंदोलित नहीं करती। कुछ सचेत और सक्रिय लोग भी कुछ बड़ी त्रासदियों के बाद कुछ दिन तक बेचैन और चिंतित नजर आते हैं और फिर अपने जीवन के पुराने ढर्रे पर लौट जाते हैं। यह कैसी विडम्बना है कि बर्बर दंगाई और हत्यारे पुलिस और विशेष सुरक्षा दस्ते के घेरे में चलते हैं और सामान्य जन को धर्मान्ध, दंगाईयों, बलात्कारियों और भीड़ में शामिल हत्यारों के हवाले कर दिया जाता है। सृजन, चिंतन और बौद्धिक कर्म में हमेशा विविधता होती है। यह हमें लोगों से असहमत और भिन्न होने का विवेक और साहस प्रदान करता है। यही कारण है कि फासिस्ट एकरूपता के विरुद्ध लेखक, कलाकार और चिंतक सबसे पहले प्रतिरोध करते हैं। यह अस्वाभाविक नहीं है कि वर्तमान असहिष्णुता का विरोध सबसे पहले हमारे देश के सैकड़ों लेखकों और बुद्धिजीवियों ने पुरस्कार वापस कर किया था। इसीलिए आज लेखकों और बुद्धिजीवियों पर सबसे ज्यादा हमले हो रहे हैं। 'बौद्धिकों को, रचनाकारों को, पत्रकारों और विचारकों को सबसे पहले निशाने पर इसलिए लेना जरूरी होता है क्योंकि ये ही पहले होते हैं जो समाज में असहमति का वातावरण बनाते हैं, फैलाते हैं। असहिष्णुता एक हथियार है लोगों को चुप कराने का। 'मॉब लिंचिंग' हथियार है एक को मारकर सभी असहमतों को सावधान और भयग्रस्त करने का। 'आशीष नंदी ने ठीक ही कहा है- 'भीड़ का मनोविज्ञान यह रहता है कि वह खुद दिमाग लगाकर नहीं चलती। भीड़ में व्यक्ति की सोच स्थगित हो जाती है और वह भीड़ के कहे के अनुसार काम करने लगता है। यह हमेशा होता है कि भीड़ अनियंत्रित रहती है। यह बात फ्रांसीसी क्रांति के वक्त ही साबित हो चुकी थी' (आशीष नंदी/'आजकल वोट की राजनीति ही राजनीति है'/'प्रभात खबर'/दीपावली विशेषांक-2017/पृ.-20, आशीष नंदी से मनोज मोहन की बातचीत पर आधारित)।

कट्टर धर्मान्धता, अंधश्रद्धा, साम्प्रदायिक घृणा और हिंसक उन्माद के दौर में आज सबसे बड़ा संकट समाज के उन बुद्धिजीवियों पर है, जो आज भी इन विषम परिस्थितियों में इन अंधेरी शक्तियों के खिलाफ सच के साथ खड़े हैं और जन साधारण को तार्किक, बौद्धिक और विवेक सम्पन्न बनाने की प्रक्रिया में संलग्न हैं। घृणा के प्रचारकों को ये लोग सबसे बड़े दुश्मन नजर आते हैं। उनके पास वह तार्किक और बौद्धिक क्षमता नहीं है कि उन्हें ज्ञान के क्षेत्र में चुनौती दे सकें। अत: शारीरिक और भौतिक रूप से उन्हें खत्म कर देना ही उनकी सोची-समझी रणनीति है। इसी रणनीति के तहत ही नरेन्द्र दाभोलकर, गोविन्द पानसरे, प्रो. कलबुर्गी और गौरी लंकेश की हत्याएं की गयीं। ये हत्याएं अलग-अलग न होकर एक दूसरे से जुड़ी हैं।

लेखकों, विचारकों और बुद्धिजीवियों की हत्याएं और समाज में फैलायी जा रही विचारहीनता, अवैज्ञानिकता और कूपमंडूकता अलग-अलग न होकर एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। विचारों पर बंदिशों का हाल यह है कि 'व्हाई आई एम नॉट ए हिन्दू' जैसी चर्चित किताब के लेखक, अंग्रेजी के लेखक कांचा इलैया की ताजा पुस्तक 'पोस्ट हिन्दू इंडिया' को प्रतिबंधित करने की मांग की गयी। यह सब देखकर लगता है कि क्या हम सचमुच एक लोकतांत्रिक देश और समाज में रह रहे हैं, जिसमें प्रतिपक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है? जहां विरोधी विचारों का सम्मान किया जाता है? अब तो बम्बई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एससी धर्माधिकारी को भी यह टिप्पणी करनी पड़ी- 'इस देश में हम ऐसी स्थिति में पहुंच गये हैं, जहां लोग अपनी राय भी अभिव्यक्त नहीं कर सकते। हर समय एक व्यक्ति कहता है कि वह अपनी राय अभिव्यक्त करना चाहता है पर कुछ लोग कहते हैं कि वे इसकी इजाजत नहीं देंगे। यह राज्य के हित में शुभ लक्षण नहीं है' (जस्टिस एससी धर्माधिकारी)/'द हिन्दू'/विशाखापट्नम/8 दिसम्बर, 2017, पृ.-1)।

भूमंडलीकरण की साम्राज्यवाद परस्त कॉरपोरेट हितों में संचालित नीतियों के लागू होने के बाद पिछले तीन दशकों से देश में लोकतंत्र के भीतर से जो सत्ता उभरी है, वह अपने चरित्र में पूरी तरह जन विरोधी है। एक जन विरोधी सत्ता का फासिस्ट सत्ता में तब्दील होते चले जाना उसकी नियति है। बड़ी पूंजी के हित में संचालित इन नीतियों के बाद देश में आम जनता की गरीबी, बेरोजगारी और बदहाली बढ़ी है। शासन धीरे-धीरे एक-एक कर राज्य द्वारा प्राप्त शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा की सुविधाएं उससे छीनती चली गयी है। सार्वजनिक सम्पत्तियों की लूट बड़े पैमाने पर आज भी जारी है और यह भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा जरिया है। इन सब कारणों से आम जन में गहरा गुस्सा और असंतोष है। फासिस्ट सत्ता की सबसे बड़ी सफलता यही है कि वह जनता के भीतर के असंतोष, गुस्से और आक्रोश को जाति, धर्म, रंग के आधार पर घृणा की दिशा में मोड़ देती है। फासिस्ट भीड़ में शामिल विचारहीन दंगाईयों और हत्यारों को इस व्यवस्था में अपना कोई भविष्य नजर नहीं आता। उन्हें अपनी नाराजगी, गुस्से और असंतोष की सही वजहें मालूम नहीं हैं। इसलिए वे फासिस्ट सत्ता के हाथ के हथियार बन जाते हैं। उनके लोकलुभावन नारों और झूठे वादों से भ्रमित होकर अंधराष्ट्रवादी जुनून में शामिल हो जाते हैं। अत: जन विरोधी, कॉरपोरेट परस्त आर्थिक नीतियों को बदले बिना इस फासिज्म से लड़ाई सिर्फ धोखा के सिवा और कुछ नहीं है। इसके लिए पिछली सरकारें कम जिम्मेदार नहीं हैं, जिस घूरे पर यह फासिज्म पनपा है उसे इकट्ठा करने का काम तो उसी ने किया है।

इधर सत्ता के शिखर पर पहुंचे हुए लोगों के साथ-साथ विविध संस्थाओं में बैठे लोग अवैज्ञानिकता और विचारहीनता को बढ़ावा दे रहे हैं। राजस्थान का एक मंत्री कहता है कि न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण के सिद्धान्त से एक हजार वर्ष पूर्व हमारे देश में गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त खोज लिया गया था। हाल-फिलहाल केन्द्रीय मानव संसाधन राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह बयान देते हैं कि आज तक किसी ने बन्दर को आदमी होते नहीं देखा, इसलिए डार्विन के विकासवाद का सिद्धान्त गलत है और उसे पाठ्यपुस्तकों से बाहर कर देना चाहिए। इसी सत्यपाल सिंह ने कुछ माह पूर्व यह भी कहा था कि आईआईटी के छात्रों को यह शिक्षा देना गलत है कि हवाई जहाज का आविष्कार राइट बन्धुओं ने किया था, इसका आविष्कार तो शिवराम बापूजी तलपदे ने किया था। अभी-अभी कुछ दिनों पूर्व केन्द्रीय विज्ञान मंत्री हर्षवर्धन ने मणिपुर विश्वविद्यालय में आयोजित 10वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में कहा कि 'हमने हाल-फिलहाल ब्रह्माण्ड विज्ञानी स्टीफेन हॉकिंस को खोया है। दस्तावेजों के अनुसार उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक कहा था कि वेदों में आइंस्टीन के ई = एमसी² से बेहतर सिद्धांत है।' 'डॉ. हर्षवर्धन जो खुद एक डॉक्टर हैं उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि किस वैदिक सिद्धांत के बारे में उन्होंने ऐसा कहा था। उनसे जब स्रोत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट नहीं किया और पत्रकारों के एक समूह से कहा कि 'आप मीडिया में हैं। यह आपको ढूंढना चाहिए कि इस कथन का स्रोत क्या है? अगर आप असफल होंगे तो मैं अपनी जानकारी के स्रोत का खुलासा करूंगा' (देखें, 'द हिन्दू'/विशाखापट्नम/17 मार्च-2018/पृ.-1)। धीरूभाई अम्बानी अस्पताल के उद्घाटन के वक्त खुद माननीय प्रधानमंत्री जी ने गणेश और कर्ण से जुड़ी मिथकीय धारणाओं को विज्ञान से जोड़ते हुए कहा था-'हम गणेश जी की पूजा करते हैं। कोई प्लास्टिक सर्जन होगा उस जमाने में जिसने मनुष्य के शरीर पर हाथी का सर रखकर प्लास्टिक सर्जरी का प्रारंभ किया होगा।' इस तरह के पुनरुत्थानवादी विचार हमारे समाज में पहले से मौजूद रहे हैं और गांवों के चौपालों में भी ऐसी बातें होती रही हैं पर सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग जब ऐसी बातें करते हैं तो समाज पर उसका गहरा असर पड़ता है। सरकारी नीतियों में भी ये विचार परिलक्षित होने लगते हैं। प्रो. कलबुर्गी ने इन परिस्थितियों को समझते हुए कभी कहा था-'भावना से संचालित समाज में विद्वता और वस्तुपरकता के लिए कोई प्यार और लगाव नहीं होता।' प्यार और लगाव का न होना उतना खतरनाक नहीं है, जितना विद्वता और वस्तुपरकता के प्रति जानलेवा घृणा। 'विद्वता और वस्तुपरकता' की हत्या के बल पर आखिर हम कैसा समाज बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं। ऐसे मध्ययुगीन विचार मध्ययुगीन हत्याओं को प्रेरित करेगा। इन हत्याओं को आखिर कब तक बर्दाश्त किया जाता रहेगा? यह सिलसिला अभी शुरू हुआ है और रुकने वाला नहीं है।

'यह नयी राजनैतिक शैली है कि हत्या की नहीं

बिहार में फिर ठनी

DELHIN/2014/60328

वर्ष : 4 अंक : 6 सामयिक पत्रिका, 16 सितंबर से 30 सितंबर, 2017

दुनिया इन दिनों

समाज, साहित्य और संस्कृति का अक्स

मुक्तिबोध के 'अच्छे दिन'

PRINCIPAL
Ranveer Tularam P.G. College
Bhai, Distt.- Durg (C.G.)

विष्णु खरे

उबाऊ गद्य की निर्मिति

सियाराम शर्मा

मुक्तिबोध नयी कविता के दौर के प्रतिनिधि कवि हैं। वे अपने युग की [illegible] समस्याओं, संघर्षों, प्रश्नों और चुनौतियों से बहुत गंभीरतापूर्वक टकराए। उन्होंने [illegible] चिंतन-मनन और सूक्ष्म विश्लेषण किया। [illegible] ने बहुत ही [illegible] और [illegible] निष्कर्षों तक पहुंचे। यही कारण है कि कविता का पूर्व प्रतिमानों से [illegible] बहुत सारी अवधारणाओं और [illegible] का व्यापक इस्तेमाल किया। नयी कविता के सौन्दर्यशास्त्र को विकसित करने के साथ-साथ [illegible] हिन्दी में [illegible] सौन्दर्यशास्त्र को विकसित करने का [illegible] प्रयास किया। मुक्तिबोध के [illegible]

परिस्थितियों, प्रवृत्तियों, गतिविधियों और उसमें पले हुए व्यक्तियों का संवेदनात्मक ज्ञान जब तक समीक्षक को नहीं है, (और वह हो नहीं सकता जब तक कि उसने वर्ग, श्रेणी या समाज की व्यापक जिन्दगी में समीक्षक की जिन्दगी की हिस्सेदारी न हो) तब तक समीक्षक की साहित्य-समीक्षा कुतिया के उस बच्चे के समान है जिसकी आंखें नहीं खुली हैं... लेखक जीवन की विभिन्न मनोवृत्तियों, स्थितियों आदि-आदि का अंकन करने का प्रयत्न करता है। समीक्षक को इन जीवन सत्यों से अधिक परिचित होने की आवश्यकता है, तभी वह लेखक की सहायता कर सकता है, उसकी चेतना की परिधि को विस्तृत कर सकता है, अन्यथा नहीं। लेखक की सचमुच सहायता करने वाले समीक्षक, जीवन-सत्यों से लेखक से भी अधिक परिचित होते हैं। तभी वे लेखक द्वारा प्रस्तुत की गयी जीवन-समीक्षा की समीक्षा कर सकते हैं।' (मुक्तिबोध रचनावली: पांच/राजकमल प्रकाशन/पेपरबैक संस्करण 1985/पृ.-83,86) । हालांकि मुक्तिबोध यह भी मानते हैं कि एक बड़ा

आलोचना के मूल में सक्रिय वर्ग दृष्टि

सैद्धान्तिक और व्यावहारिक आलोचनात्मक चिंतन के मूल में [illegible]

मुक्तिबोध ने आलोचकों और आलोचना पर बहुत [illegible] [illegible] ऐतिहासिक, [illegible] तथा मनोवैज्ञानिक [illegible] तथा मनोवैज्ञानिक और [illegible] [illegible] रचनात्मक चिन्तन के [illegible]

[illegible] एक [illegible] होते हुए भी मुक्तिबोध आलोचक की भूमिका को रचनाकार से भी ज्यादा महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी भरा काम मानते थे। उनके अनुसार 'साहित्य विवेक मूलतः जीवन विवेक है'। [illegible] साहित्य की महत्वपूर्ण कसौटी जीवन का सत्य है और जीवन के इस सत्य को आलोचक को लेखक

“

मुक्तिबोध हिन्दी के उन गिने-चुने लेखकों और समीक्षकों में हैं जिन्होंने आधुनिक साहित्य की आलोचना का नया शास्त्र विकसित किया।

से भी ज्यादा पहचानने की जरूरत होती है। वह इसलिए कि लेखक जिस जीवन को उद्घाटित करना चाहता है, उसे उसकी समझ एकांगी, अधूरी और विकृत हो। ऐसे में एक समर्थ आलोचक ही उसे उसकी कमियों का अहसास करा सकता है। इसीलिए मुक्तिबोध का मानना है कि- 'आलोचक या समीक्षक का कार्य, वस्तुतः, रचनाकार या लेखक से भी अधिक उत्तरदायित्वपूर्ण और सृजनशील होता है। उसे एक साथ जीवन के समुद्र में डूबना पड़ता है, और उससे उबरना भी पड़ता है, कि जिससे लहरों का पानी उसकी आंखों में न घुस पड़े... असल में, वास्तविक जीवन की संवेदनात्मक समीक्षा-शक्ति के अभाव में, साहित्य के क्षेत्र की समीक्षा शक्ति थोथी होती है। इसीलिए समीक्षक का आदि कर्तव्य वास्तविक जीवन की संवेदनात्मक समीक्षा शक्ति का विकास करना है। जीवन की

लेखक खुद का सबसे बड़ा आलोचक होता है। [illegible] दूसरों की प्रशंसा के साथ-साथ अपनी आलोचना को भी स्वविवेक की कसौटी पर कसकर देखता है।

मुक्तिबोध हिन्दी के उन गिने-चुने लेखकों और समीक्षकों में हैं, जिन्होंने आधुनिक साहित्य की आलोचना का नया शास्त्र विकसित किया। 'एक साहित्यिक की डायरी' में मुक्तिबोध ने नयी रचनाशीलता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गैर-पारम्परिक ढंग से बात की। आधुनिक रचना-विधान से जुड़े ये मुद्दे नये साहित्य शास्त्र की भूमिका तैयार करते हैं। मुक्तिबोध के अनुसार सौन्दर्य सिर्फ रचना-विधान तक सीमित न रहकर आन्तरिक होता है। सौन्दर्य की यह आन्तरिकता, वस्तुतः अनुभूति के मूल में स्थित मानव सम्बन्धों, विश्वदृष्टि तथा जीवन मूल्यों से बनती है। यह जीवन मूल्य, मानव सम्बन्ध तथा विश्वदृष्टि, उस वर्ग की विश्वदृष्टि होती है जो साहित्यिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में अपने को अभिव्यक्त करती है। (मुक्तिबोध रचनावली: पांच/वही, पृ.-54)। इसीलिए मुक्तिबोध कृति के मनोवैज्ञानिक और सौन्दर्यात्मक पहलू के विवेचन के साथ-साथ उसके समाजशास्त्रीय और वर्गीय पक्ष को महत्वपूर्ण मानते हैं। यही कारण है कि मुक्तिबोध के समस्त साहित्यिक, कलात्मक और सौन्दर्यशास्त्रीय चिंतन में वर्ग दृष्टि निरंतर सचेत और सक्रिय रही है। वर्ग दृष्टि की यह स्पष्टता उन्हें मार्क्सवाद से गहरे लगाव और जुड़ाव से प्राप्त हुई थी। उन्होंने खुद स्वीकार किया है, 'क्रमशः मेरा झुकाव मार्क्सवाद की ओर हुआ। अधिक वैज्ञानिक, अधिक मूर्त और अधिक तेजस्वी दृष्टिकोण

समकालीन
जनमत
संयुक्तांक अक्टूबर-नवंबर 2016/ रु. 30.00

स्मरण
मुक्तिबोध-त्रिलोचन

यूपी चुनाव : जोड़तोड़ का गर्म होता बाजार
महिला आंदोलन और समान नागरिक संहिता
पंकज चतुर्वेदी और अमिताभ बच्चन की कविताएं

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)



आलोचना के मूल में सक्रिय वर्ग दृष्टि

सियाराम शर्मा

मुक्तिबोध नयी कविता के दौर के प्रतिनिधि कवि हैं। वे अपने युग की रचनात्मक समस्याओं, सीमाओं, प्रश्नों और चुनौतियों से बहुत गंभीरतापूर्वक टकराये। उन्होंने उस पर गहन चिंतन-मनन और सूक्ष्म विवेचन, विश्लेषण किया। अतः वे बहुत ही सुसंगत और मौलिक निष्कर्षों तक पहुंचे। यही कारण है कि 'कविता के नये प्रतिमान' में नामवर जी ने उनकी बहुत सारी अवधारणाओं और निष्कर्षों का सार्थक इस्तेमाल किया। नयी कविता के सौंदर्यशास्त्र को विकसित करने के साथ-साथ मुक्तिबोध ने हिंदी में मार्क्सवादी सौंदर्यशास्त्र को विकसित करने का मौलिक प्रयास किया। मुक्तिबोध के सैद्धांतिक और व्यावहारिक आलोचनात्मक चिंतन के मूल में वर्ग दृष्टि निरंतर सचेत और सक्रिय रही है।

मुक्तिबोध ने आलोचकों और आलोचना पर बहुत ही उक्ति और मार्मिक टिप्पणियां की हैं। वे आलोचना में ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय तथा मनोवैज्ञानिक, सौंदर्यात्मक विवेचन की एकात्मता को फलीभूत होते हुए देखना चाहते थे। मुक्तिबोध के अनुसार एक कृति की सच्ची आलोचना उसके ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय तथा मनोवैज्ञानिक और सौंदर्यात्मक विवेचन करते हुए उसके अंतर्संबंधों की पड़ताल पर निर्भर करती है। वे आलोचना में फैसले और निर्णय की हड़बड़ी से बचने की सलाह देते हैं। उन्होंने आलोचकों को साहित्य का दारोगा कहकर उसकी सीमाओं की ओर ध्यान भी दिलाया। उनके आलोचनात्मक चिंतन की सबसे बड़ी खासियत उनकी रचनात्मक ईमानदारी और बेचैनी है। वे साहित्य की छोटी से छोटी समस्या को भी अपनी तीक्ष्ण संवेदना की नोक पर आंतरिक पीड़ा और छटपटाहट के साथ हल करने की कोशिश करते हैं। इसीलिए उनके समय के बहुत से विचार और सिद्धांत जो दूसरों के लिए सरल, सहज और निर्विकार थे, उसे वे अपने रचनात्मक चिंतन के धरातल पर समस्याग्रस्त पाते हैं।



■■■

मूलतः एक रचनाकार होते हुए भी मुक्तिबोध आलोचक की भूमिका को रचनाकार से भी ज्यादा महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी भरा कार्य मानते थे। उनके अनुसार 'साहित्य विवेक मूलतः जीवन विवेक है।' अतः साहित्य की महत्वपूर्ण कसौटी जीवन का सत्य है और जीवन के इस सत्य को आलोचक को लेखक से भी ज्यादा देखने-समझने की जरूरत होती है। यह संभव है कि लेखक जिस जीवन को उद्घाटित करना चाहता हो, उसे उसकी समग्र एकांगी, अधूरी और विकृत हो। ऐसे में एक समर्थ आलोचक ही उसे उसकी सीमाओं का अहसास करा सकता है। इसीलिए मुक्तिबोध का मानना है कि- "आलोचक या समीक्षक का कार्य, वस्तुतः, कलाकार या लेखक से भी अधिक तन्मयतापूर्ण और

82

सबलोग

अगस्त 2017

कैसा हिन्दुस्तान, मरता जहाँ किसान

- भारत की भूटान नीति और चीन का भय
- महागठबन्धन की महामुश्किल
- गुजरात मॉडल का एक पहलू यह भी

पूँजीवादी कृषि के अन्तर्विरोध

सियाराम शर्मा

हरित क्रान्ति के बाद आधुनिक खेती की प्रक्रियाओं ने हमारे देश की भूमि की उर्वरा शक्ति को कमजोर किया है। तथाकथित दूसरी हरित क्रान्ति इस प्रक्रिया को और तेज कर देगी। यह बहुत चिन्ता का विषय है कि एक तरफ एक अरब जनसंख्या के भोजन के लिए ज्यादा से ज्यादा खाद्यान्न की जरूरत है, तो दूसरी ओर जमीन की उत्पादकता निरन्तर घट रही है। भारतीय कृषि शोध संस्थान ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बताया है कि देश के कुल 14 करोड़ हेक्टेयर कृषि योग्य जमीन में से 12 करोड़ हेक्टेयर की उत्पादकता निरन्तर कम हो रही है।

लेखक सामाजिक और साहित्यिक विषयों के गम्भीर अध्येता और शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय, वतई (छत्तीसगढ़) में हिन्दी के प्राध्यापक हैं।
+919329511624
prof.siyaramsharma@gmail.com

पूँजीवाद की मुख्य चालक शक्ति मुनाफा है। अतृप्त मुनाफे की प्यास के लिए वह प्रकृति और मानवीय श्रम का अन्धाधुन्ध दोहन करता है। ऐसा करते हुए वह न तो मनुष्यता की अगली पीढ़ी के बारे में सोचता है और न ही प्राकृतिक सन्तुलन के बारे में। स्वार्थ और लूट की यही केन्द्रीयता पूँजीवाद को मनुष्य और प्रकृति विरोधी बना देता है। अकूत मुनाफे की भूख ने जैसे हरे-भरे जंगलों को काटकर उसे वीरान बनाया, नदियों को प्रदूषित किया, हवा को जहरीला बनाया, पहाड़ों को खोद डाला, वैसे ही आज भूमि को बंजर बना रहा है। आज कृषि के क्षेत्र में जिन बड़ी-बड़ी कम्पनियों को प्रवेश दिया जा रहा है, उनकी यह आम प्रवृत्ति रही है कि ज्यादा-से-ज्यादा मुनाफे के लिए जमीन का भरपूर दोहन करते हैं। अत्यधिक उत्पादन के लिए भारी मात्रा में रासायनिक खादों, कीटनाशकों, खरपतवार नाशकों और भारी मशीनों के उपयोग के कारण बहुत ही जल्द जमीन के पोषक तत्त्वों का नाश हो जाता है। भूमिगत जल सूख जाते हैं और पानी जहरीला हो जाता है। अत्यधिक दोहन के कारण भूमि की उर्वरा शक्ति खत्म होने लगती है और कुछ ही वर्षों में हरी-भरी जमीन बंजर में तब्दील हो जाती है। बंजर जमीन और शोषित किसानों को अपने हाल पर छोड़कर ये कम्पनियाँ पुनः किसी उपजाऊ जमीन की तलाश में पृथ्वी के किसी और भू-भाग की ओर निकल पड़ती हैं। हमारे देश में कारपोरेट फार्मिंग की जगह एक ऐसी कृषि अर्थव्यवस्था की जरूरत है जो किसान हितैषी होने के साथ-साथ पारिस्थितिकी की दृष्टि से भी टिकाऊ हो।

बड़े पैमाने पर शुरू हुए पूँजीवादी कृषि के पूर्व मवेशियों के मल-मूत्र, फसलों के अनुपयोगी हिस्से और मनुष्य द्वारा उत्सर्जित अपशिष्ट पुनः कृषि योग्य जमीन में लौट आते थे, पर आज उत्पादन और उपभोग की भिन्न-भिन्न भौगोलिक स्थितियों ने इस प्राकृतिक सन्तुलन को विनष्ट कर दिया है। इसके कारण जमीन में बंजरपन की प्रवृत्ति बढ़ी है। पूँजीवादी उत्पादन और उपभोग की प्रवृत्ति ने मनुष्य और प्रकृति के बीच नैसर्गिक सम्बन्ध को विनष्ट कर दिया है। इसके कारण भूमि के बंजरपन की समस्या बढ़ी है।

कृषि सिर्फ वित्तीय क्रिया-कलाप नहीं

इफको का लक्ष्य यही
हो खाद का प्रयोग सही

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व



नीम लेपित यूरिया | एन पी के | डी ए पी | एन पी | बायो फर्टिलाइजर
वॉटर सोल्यूबल फर्टिलाइजर | माईक्रो न्यूट्रीएन्ट फर्टिलाइजर | सल्फर

Follow us :

IFFCO
Wholly Owned by Cooperatives

INDIAN FARMERS FERTILISER COOPERATIVE LIMITED
IFFCO Sadan, C-1 District Centre, Saket Place, New Delhi - 110017, INDIA
Phones : 91-11-26510001, 91-11-42592626, Website : www.iffco.coop

PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

अक्सर 43

संगमन 21 का आधार वक्तव्य

इस देश की संवेदना एक है

जेंडर का सवाल

दलित साहित्य की पृष्ठभूमि और महत्व

विकास नीति और वर्तमान भारतीय कृषकों की समस्याएँ

महाराष्ट्र में प्रबोधन की परंपरा

असंतोष में ही रचनात्मकता का जन्म

प्रतिरोध और रचनात्मकता की चिंता

प्रतिरोध का आंदोलन और बुद्धिजीवी

लेखन के उपेक्षित किंतु जरूरी मुद्दे

आधुनिक मराठी कविता में प्रतिरोध

प्रतिरोध को लोक के बीच ले जाने की जरूरत

हमारे समय में रचना और प्रतिरोध

प्रतिरोध और साहित्य

आज के समय में मीडिया का चरित्र

लेखन केवल लेखन भर नहीं, बल्कि एक 'एक्टिव पार्टीसिपेशन' हो

कला पर एक बातचीत

किसान केन्द्रित कविताओं पर हावी मध्यवर्गीय दृष्टि

सियाराम शर्मा

किसान केन्द्रित कविताओं पर हावी मध्यवर्गीय दृष्टि

प्रतिरोध के बहुत सारे क्षेत्रों पर बात हुई; स्त्री, दलित, आदिवासी; मुझे लग रहा है कि एक पक्ष छूट रहा है और वह है किसान। यदि हम केवल आँकड़ों की बात करें तो कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र किसान आत्महत्याओं में सबसे आगे है। मैं अपनी बात सिर्फ हिन्दी में लिखी गई उन कुछ कविताओं पर केन्द्रित करूँगा जो किसानों को केन्द्र में रखकर लिखी गई हैं और थोड़ी सी उसकी जाँच-परख की कोशिश भी करूँगा। मैं सबसे पहले मुक्तिबोध से अपनी बात शुरू करना चाहता हूँ। उनकी एक कविता है 'बहुत शर्म आती है', वे लिखते हैं :-

बहुत शर्म आती है मैंने
खून बहाया नहीं तुम्हारे साथ
बहुत तड़प कर उठे वज्र-से
गलियों के जब खेतों-खलिहानों के हाथ
बहुत खून था छोटी-छोटी पंखुड़ियों में
जो शहीद हो गयीं किसी अनजाने कोने
कोई भी न बचे,
केवल पत्थर रह गए तुम्हारे लिए अकेले रोने

मित्रो, जब मैं आज के अपने समाज को देखता हूँ तो पाता हूँ कि पिछले 15 वर्षों में तीन लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्याएँ की हैं लेकिन इस देश की मौजूदा नीतियों, समाज के बुद्धिजीवियों और लेखकों के लिए यह गंभीर समस्या कोई बड़ी चिंता का विषय नहीं है। तो क्या यह एक पत्थर दिल समाज है? मुक्तिबोध ने यह कविता उस समय लिखी थी, जब देश में तेलंगाना आंदोलन चल रहा था। उस आंदोलन में अपनी भागीदारी को लेकर कहीं न कहीं मुक्तिबोध चिंतित रहे होंगे। वे अपने भीतर शर्म महसूस कर रहे हैं कि उन शहीदों

अक्षर 43

के साथ मैं नहीं था। सवाल यह है कि आज कितनी शिद्दत के साथ या कितनी पीड़ा के साथ हम ऐसा ही महसूस करते हैं? इस पर विस्तार से बात करने की बहुत ज्यादा गुंजाइश नहीं है इसलिए मैं कुछ उदाहरणों के माध्यम से अपनी बात कहना चाहूँगा।

प्रेमचंद की एक कहानी 'पूस की रात' से आप सभी परिचित होंगे। उसी को केन्द्र में रखकर देखें तो पता चलता है कि पिछले 67-68 सालों में हमारे किसानों की क्या दुर्गति हुई है? आज जिस विकास का डंका पीटा जा रहा है अगर किसानों को उसके सामने रखकर देखें, तो उसकी कलई खुल जाती है। 'पूस की रात' की शुरूआत होती है कि हल्कू ने कुछ पैसे बचाकर रखे हैं। कंबल खरीदने के लिए। उसी समय महाजन उससे पैसा माँगने आ जाता है। वह देना नहीं चाहता लेकिन फिर भी उसे देना पड़ता है। कहानी के अंत में हम देखते है कि उस पूरी ठिठुरती हुई रात में अपने कुत्ते के साथ संघर्ष करता हुआ वह किसान अंततः अलाव जलाता है और फिर हल्की नींद में सो जाता है। उसे यह एहसास हो रहा है कि उसके खेत, जो पूरी तरह से तैयार हैं, वे चरे जा रहे हैं, बरबाद किए जा रहे हैं, फिर भी वह उठकर जाता नहीं है। कुत्ता बार-बार उसे एहसास दिला रहा है कि तुम्हारे खेतों को कोई चर रहा है लेकिन वह निष्क्रिय है, उठता नहीं है। कहीं न कहीं प्रकारान्तर से उसे लगता है कि अगर आज मैं इस फसल को बचा भी लूँ, तो खलिहान से अनाज को घर तो जाना नहीं है। तो आज उसे बचाकर भी क्या करूँगा? मुझे लगता है कि उसका अपनी उगाई फसल को चर जाने देना एक आत्मघाती कदम ही था। आप उसे भले ही सॉफ्ट कदम कह लें, लेकिन यह था आत्मघाती कदम ही। एक उदाहरण और, अभी-अभी जिसे 'फ्रंटलाईन' में पढ़कर मैं सिहर गया। कर्नाटक का एक किसान जिसने गन्ने उगाए थे, वह दो वर्षों से गन्ना उगा रहा था और मिल से प्राप्त होने वाला दो वर्षों के गन्ने का बकाया बाकी था। आप सोचिए कि दो वर्षों से उसका घर कैसे चल रहा होगा? बच्चे कैसे पढ़ रहे होंगे? किस तरह से उसे कर्ज लेना पड़ा होगा? और अंत में अपने ही उगाए हुए गन्ने को उसने आग लगाई और उसमें कूदकर अपनी जान दे दी। ये एक औपनिवेशिक शासन से भारतीय लोकतांत्रिक शासन में किसानों की विकास यात्रा है मित्रो। पहले वह किसान निराशा में अपनी फसल को चर जाने दे रहा था। यातना यही थी, जो आज इस कदर बढ़ गई है कि वह अपनी ही फसल को आग लगाता है और उसमें कूदकर अपनी जान दे देता है। ये हमारे लोकतांत्रिक विकास का सबसे बड़ा सच है। सबसे बड़ा यथार्थ और सबसे बड़ी विडम्बना भी। मुझे हमेशा लगता है कि साहित्य कहीं न कहीं प्रतिरोध का एक बिम्ब रचता है, क्योंकि यही उसकी प्रकृति है। साहित्य स्वभाव से ही प्रतिरोधी होता है। एक छोटा सा बीज भी जब अंकुरित होता है तो सबसे पहले वह अपने आप को फाड़ता है, तोड़ता है। अपनी संरचना को ध्वस्त करता है और उसके बाद खुद को रूपान्तरित करता हुआ, वह अपने ऊपर की मिट्टी को हटाता हुआ बाहर आता है। प्रतिरोध उसकी प्रकृति में है। प्राकृतिक सृजन में भी हमें यही प्रतिरोध मिलता है। अगर आप किसी भी चीज का सृजन करना चाहते हैं तो आप बिना प्रतिरोध के सृजन कर नहीं सकते। प्रतिगामी शक्तियाँ हमेशा मौजूद रहती हैं और एक सृजनधर्मी व्यक्ति के लिए उसका प्रतिरोध जरूरी है।

मित्रो, मेरी एक चिंता इधर लगातार रही है। मैं उससे चिंतित हूँ और अपनी चिंता आपसे साझा करना चाहता हूँ। सन सत्तावन के विद्रोह में किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



PRINCIPAL
Govt. Danveer Tularam P.G. College
Utai, Distt.- Durg (C.G.)

सापेक्ष : 55

मुक्तिबोध : 50वीं पुण्यतिथि

11 सितम्बर 1964 - 11 सितम्बर 2014

हमारे समय में अंधेरा अधिक गहराता जा रहा है। घोर आपराधिक समय में रहने का हमें अनुभव हो रहा है। चतुर अपराधियों से हम घिरे हुए हैं। मुक्तिबोध की 'अंधेरे में' कविता में हम आशंका से ग्रस्त दिखाई पड़ते हैं कि देश में कुछ ऐसा-वैसा न हो जाए। उसके ~~...~~ आदि जैसे यह था कि मार्शल लॉ लगाए जाने के लिए गुप्त सैन्य अभियान चलाये जा रहे हैं। उस अभियान में प्रसिद्ध पत्रकार, विचारक और कवि आदि भी शामिल हो गए हैं। यह कोरी फैंटेसी नहीं, इसका आधार था। आज मार्शल लॉ वाली बात भले नहीं रह गई है, लेकिन इससे मुक्तिबोध की चिन्ता अप्रासंगिक नहीं हो जाती। आज हम ज्यादा चालाक अपराधियों से घिरे हुए हैं। कहीं ऐसा-वैसा न हो जाए उसके लिए जगह बन रही है। अंधेरा ज्यादा है।

'अंधेरे में' अंधेरे से लड़ने की कविता है। लड़ने और लड़ने में फर्क होता है। एक लड़ाई होती है अपनी जगह बनाने के लिए। जगह बन जाने के बाद उस लड़ाई की प्रासंगिकता समाप्त हो जाती है। 'अंधेरे में' कविता की लड़ाई वैसी तात्कालिक नहीं है। इसलिए यह प्रासंगिक है और आगे भी रहेगी। यह विद्रोही चिन्तन और व्यवहार की कविता है। स्वयं कवि इसका प्रमुख किरदार है। इसे हम एक विद्रोही की आत्मकथा के रूप में भी पढ़ सकते हैं।

— 85, सूर्यालय विहार
पिपलानी, भोपाल - 462021 (म.प्र.)
मो. 9406584868
ई-मेल: singhranjansudhir@gmail.com

* * *

सियाराम शर्मा

'सत्ता के साथ सत्य के निर्णायक युद्ध' के कवि

